हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 233, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 फरवरी, 2022 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प

यूपी चुनाव- भाजपा ने जारी किया लोक कल्याण संकल्प पत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में पहले चरण के मतदान का प्रचार समाप्त होने से पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी अपना घोषणा पत्र यानी जन कल्याण संकल्प पत्र जारी किया। भारतीय जनता पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह लखनऊ पहुंचे और उन्होंने पार्टी के अन्य दिग्गज नेताओं के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में घोषणा पत्र को जारी किया। घोषणापत्र के साथ-साथ भाजपा ने 'कर के दिखाया है' नाम से नया चुनावी गाना भी लॉन्च किया। इसमें करके दिखाएगी, भाजपा आएगी लाइन भी है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में 58 विधानसभा क्षेत्र के लिए आज शाम से चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन क्षेत्रों में दस फरवरी को मतदान होना है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का लोक कल्याण संकल्प पत्र केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ में जारी किया। गृह मंत्री अमित शाह के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डा. दिनेश शर्मा के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष सुरेश खन्ना भाजपा के लोक कल्याण संकल्प को जारी किया। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि प्रदेश के हर जिले में आधुनिक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं से युक्त मेडिकल कालेज स्थापित होंगे। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को सरकारी सेवाएं एक निश्चित समय में प्राप्त हों, इसकी गारंटी देने वाला कानून लाया जाए। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि अयोध्या में श्री राम से संबंधित संस्कृति, शास्त्रों एवं धार्मिक तथ्यों पर शोध के लिए रामायण विश्वविद्यालय को स्थापित किया जाएगा। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि बहन-बेटियों से लव जिहाद करने वालों को कम से कम 10 साल की सजा और एक लाख के जुमार्ना किया जाए। जिससे इस कुकत्य को करने से पहले कोई भी एक हजार बार सोचे। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भाजपा सरकार ने बहुत ही तेजी से आगे बढ़ाया है। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भी भाजपा संकल्प लेती है कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। लोक कल्याण संकल्प पत्र में भाजपा ने पांच हजार करोड़ रुपया के साथ मिशन आत्मनिर्भर की शुरूआत करने का लक्ष्य रखा है। इसके अंतर्गत पांच लाख लाख नए महिला एसएचजी बनाई जाएंगी। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियमित रूप से गरीब कल्याण मेला आयोजित होगा। जिसके माध्यम से प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सकें। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि प्रदेश की भाषाओं में शोध को बढ़ावा देने के लिए सूरदास ब्रजभाषा अकादमी, गोस्वामी तुलसीदास अवधी अकादमी, केशवदास बुंदेली अकादमी एवं संत कबीर दास भोजपुरी अकादमी स्थापित की जाएंगी। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने संकल्प लिया कि बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना शुरू की जाएगी, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी गांवों का समग्र विकास होगा।

सीरम को परीक्षण के लिए ओमिक्रोन के खिलाफ टीका बनाने की अनुमति

नई दिल्ली। भारत के दवा महानियंत्रक ने सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया को परीक्षण और विश्लेषण के लिए कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट के खिलाफ वैक्सीन बनाने की अनुमति दे दी है। DGCI की तरफ से इस संबंध में चार फरवरी को आदेश जारी किया गया है। सीरम के सरकार और नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने इसके लिए छह जनवरी को DGCI के पास आवेदन दिया था। सीरम अमेरिकी कंपनी नोवावैक्स इंक के साथ मिलकर इस वैक्सीन पर काम कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को बताया कि देश भर में अब तक कोरोना वैक्सीनेशन का कुल आंकड़ा 170 करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सबका प्रयास के मंत्र के साथ कोरोना संक्रमण के खिलाफ जंग में देश तेजी से जीत की ओर बढ़ रहा है। भारत ने रूस के एक शाट वाले कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक लाइट को मंजूरी दे दी है। इसे विकसित करने वाले भारतीय निमार्ताओं ने सोमवार को बताया कि जिन लोगों ने अब तक किसी भी कोरोना वैक्सीन की खुराक नहीं ली है वे इसे ले सकते हैं। रविवार को रूस ने बताया कि भारत ने इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए स्पुतनिक लाइट को मंजूरी दे दी है।

पीएम मोदी ने याद दिलाया नेहरू का भाषण, बोले- पंडित जी ने गोवा को 15 साल तक गुलाम रहने पर मजबूर किया

नई दिल्ली। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ कांग्रेस को ही नहीं बल्कि देश के पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी आड़े हाथों लिया। नेहरू पर तीखा हमला करते हुए मोदी ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि बनाए रखने के लिए गोवा को सालों तक गुलाम रहना पड़ा। मोदी ने कहा, 'इस साल गोवा की मुक्ति की 60वीं वर्षगांठ है। जिस तरह सरदार पटेल ने हैदराबाद और जूनागढ़ के लिए पहल की, अगर उससे सबक लिया जाता तो गोवा को और 15 साल गुलामी में नहीं रहना पड़ता। गोवा बहुत पहले आजाद हो गया होता। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि की चिंता थी। इसलिए, उन्होंने सोचा कि अगर गोवा की विदेशी सरकार पर हमला किया जाता, तो शांतिप्रिय वैश्विक नेता की उनकी छवि को नुकसान पहुंचता। इसलिए उन्होंने गोवा को परेशान होने दिया। जब हमारे साथी भारतीयों, सत्याग्रहियों पर गोलियां चलाई जा रही थीं, तो उन्होंने कहा कि वह हमारी सेना नहीं भेजेंगे। नेहरू ने 1955 में सत्याग्रहियों को मरने के लिए छोड़ दिया।' मोदी ने कहा कि 'नेहरू जी ने 15 अगस्त 1955 को लाल किले से अपने संबोधन में कहा था- 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम गोवा के लिए कोई गुप्त कदम उठाएंगे। गोवा के आसपास कोई फौज नहीं है। भारत के भीतर कुछ लोग चाहते हैं कि हम वहां सेना भेजने के लिए मजबूर हो जाएं। हम एक सैनिक को भी नहीं भेजेंगे, हम इसे शांति से हल करेंगे और सभी को इसे समझना चाहिए। गोवा जाने वालों लोगों का स्वागत है, लेकिन यह याद रखना चाहिए कि जो लोग खुद को सत्याग्रही कहते हैं उन्हें सत्याग्रह के सिद्धांतों को याद रखना चाहिए। फौज भेजना सत्याग्रह का तरीका नहीं है।' मोदी ने कहा कि नेहरू के इस अहंकार ने गोवा को कई वर्षों तक मुक्ति से वंचित रखा।

इंदिरा गांधी पर भी साधा निशाना- इतना ही नहीं, मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी पर भी हमला किया। मोदी ने कहा कि मशहूर गायक किशोर कुमार पर आपातकाल के दौरान रेडियो पर गाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने कहा, 'मजरूह सुल्तानपुरी और प्रोफेसर धर्मपाल दोनों नेहरू की आलोचना करने के लिए जेल गए थे। किशोर कुमार आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी के सामने नहीं झुके थे, इसलिए रेडियो पर गाने से उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हम जानते हैं कि जब लोग एक परिवार से सहमत नहीं होते हैं तो अभिव्यक्ति की आजादी पर कैसे अंकुश लगाया जाता है। मोदी ने ये भी कहा कि कांग्रेस की सोच अर्बन नक्सल की तरह हो गई है। अर्बन नक्सल ने बड़ी चालाकी से कांग्रेस में अपनी सोच भर दी है।

तिरंगा बनाम भगवा में बदली जंग, शिगोमा में पत्थरबाजी के बाद धारा 144 लागू

बेंगलुरू। कर्नाटक में हिजाब विवाद बढ़ता ही जा रहा है। हाईकोर्ट में इस मामले पर सुनवाई चल रही है। तीन बजे के बाद फिर से सुनवाई होनी है। इस बीच कर्नाटक में हिजाब विवाद पर स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। कथित तौर पर पर तिरंगे की जगह भगवा झंडा लगाया गया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति झंडे के पोल पर चढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है। उसके हाथ में भगवा झंडा है। नीचे कुछ अन्य लोग खड़े हैं, जिन्हें छात्र बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो शिगोमा जिले का है। यहां सुबह पत्थरबाजी की घटना हुई थी। इसके बाद से यहां पर धारा 144 लागू कर दी गई है। उधर, कॉलेज प्रशासनों को आदेश दिया गया है कि वे अपने यहां की स्थिति को देखते हुए छुट्टी का फैसला ले सकते हैं। सुनवाई से पहले महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज में प्रदर्शन शुरू हो गया था। हिजाब पहनी छात्राओं के विरोध में भगवा स्कार्फ डाले छात्र आ गए और नारेबाजी करने लगे। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और प्रदर्शन तेज हो गया। दोनों ओर से धार्मिक नारे लगाए गए थे। मामला बढ़ात देख सीएम बसवराज बोम्मई का बयान सानमे आया है, उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। सीएम ने कहा है कि मामला आज हाई कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसका इंतजार करें और बच्चों को पढ़ने दिया जाए। इससे पहले भी सीएम ने शांति बनाए रखने की अपील की थी। हालांकि, उन्होंने कहा था कि हाईकोर्ट का फैसला आने तक नए यूनिफार्म लॉ का पालन सख्ती से करवाया जाए। कर्नाटक के उडुपी में हिजाब विवाद मामले में आज हाई कोर्ट सुनवाई करेगा। यह सुनवाई पांच लड़कियों की ओर से दायर की गई याचिका पर होने जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी उम्मीदवारों को केंद्र के पास जाने को कहा, सरकार को भी दिए निर्देश

नई दिल्ली। नीट पीजी परीक्षा 2022 के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप की समय-सीमा बढ़ाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को केंद्र सरकार के पास जाने को कहा है। साथ ही शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को भी हिदायत दी है कि वे प्रतिनिधिमंडल के प्रस्ताव के मिलने के एक हफ्ते में इस पर तेजी से काम करें। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार, आठ फरवरी को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-पोस्टग्रेजुएट परीक्षा 2022 को स्थगित करने और उम्मीदवार छात्रों को अनिवार्य इंटर्नशिप पूरा करने की समय सीमा बढ़ाने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई थी। यह याचिका एमबीबीएस छात्रों के एक समूह द्वारा दायर की गई थी। क्योंकि वे कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई अपना योगदान दे रहे थे और ड्यूटी के कारण इंटर्नशिप समय पर पूरी नहीं कर पा रहे थे। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर परीक्षा मामले में मंगलवार, दोपहर दो बजे सुनवाई शुरू की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा चूंकि, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से नीट पीजी परीक्षा 2022 को पहले ही स्थगित किया जा चुका है। पहले नीट पीजी परीक्षा का आयोजन 12 मार्च, 2022 को निर्धारित था, जिसे टालकर 21 मई कर दिया गया है। वहीं, छात्रों की याचिका को देखते हुए केंद्र सरकार ने नीट पीजी परीक्षा प्रक्रिया को भी आगे बढ़ा दिया था। हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के परामर्श के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी 2022 का संशोधित शेड्यूल भी जारी कर दिया है। संशोधित शेड्यूल के अनुसार, नीट पीजी परीक्षा 21 मई को होनी है और आवेदन की समय-सीमा 15 मार्च तक ही है। ऐसे में इंटर्नशिप की समय-सीमा बढ़ाने के लिए उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के समक्ष प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

योगी आया तो यूपी बर्बाद हो जाएगा, ममता की अपील- एकजुट होकर भाजपा को हराएं

लखनऊ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यूपी की जनता से सपा के पक्ष में वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश को बचाने के लिए भाजपा को हराना होगा। यह बड़ी लड़ाई है। यूपी में सपा ही विकल्प है। अगर योगी आदित्यनाथ फिर से आया तो यूपी बर्बाद हो जाएगा इसलिए उसे जाने दें। यूपी में सपा की सरकार बनीं तो छात्रों, महिलाओं व युवाओं के लिए पश्चिम बंगाल जैसी योजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत-चीन युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के लिए लता ने गाना गाया। मै उसी कुबार्नी को याद करती हूं। यूपी का इतिहास बड़ा है। स्वतंत्रता के बाद से ज्यादातर प्रधानमंत्री यूपी से ही बनें। अगर भाजपा यूपी में हारी तो पूरे देश से चली जाएगी इसलिए यूपी के लोग एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट करें। हिन्दुस्तान को बचाना है तो यूपी को बचाना होगा। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं गंगा सागर मेला करती हूं। वहां यूपी के लोग आते हैं। हम किसी से उसकी जाति नहीं पूछते हैं। सभी हिंदुस्तानी हैं। उन्होंने कहा कि आज (मंगलवार) को भाजपा का मैनीफेस्टो (घोषणा पत्र) आया है। यह मनी फेस्टो है। उन्होंने हाथरस में क्या किया? महिलाओं और बेटियों के साथ क्या किया? पहले माफी मांगो फिर वोट मांगो। मालदा में यूपी की लाश मिली। उसे हमने उठवाया और अंतिम संस्कार कराया। जब कोविड से यूपी में लोग मर रहे थे तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुझे हराने के लिए बंगाल में प्रचार कर रहे थे। ममता बनर्जी ने कहा कि भारत सरकार ने यूपी को सबसे ज्यादा धन दिया फिर भी यूपी का विकास नहीं हो पाया। यूपी के लोग सबसे ज्यादा टैक्स देते हैं। ये रुपया सरकार का नहीं जनता का होता है फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्यों कहते हैं कि उन्होंने गरीबों को धन दिया। पीएम केयर्स में सरकारी कर्मचारियों से पैसा लिया गया लेकिन उसका हिसाब नहीं दिया गया।

राहत की खबर : फेफड़ों पर असर नहीं दिखा सका कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन, बच्चों पर रहा बेअसर

गोरखपुर। कोरोना के तीसरी लहर में नया वैरिएंट मरीजों के फेफड़े पर असर नहीं डाल सका। इसकी वजह से भर्ती होने वालों में महज एक फीसदी मरीज ही कोरोना निमोनिया के शिकार हुए हैं। इनमें बीमार बुजुर्ग ही शामिल रहे। वहीं, दूसरी लहर में भर्ती होने वालों में हर 10 में छह से सात मरीज कोरोना निमोनिया से पीड़ित थे। जानकारी के मुताबिक, जिले में तीसरी लहर में सात हजार के आसपास मरीज संक्रमित हो चुके हैं। इनमें महज 50 मरीजों को ही अस्पतालों में भर्ती करने की जरूरत पड़ी है। एक फीसदी मरीज ऐसे रहे, जिनके फेफड़ों तक संक्रमण पहुंचा और वे कोरोना निमोनिया से ग्रसित हो गए। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कोरोना वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ. अजहर अली ने बताया कि तीसरी लहर में अब तक जो भी मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए हैं, वे पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित रहे। ऐसे लोगों के फेफड़ों तक कोरोना संक्रमण फैला है। इसकी वजह से उन्हें निमोनिया की तकलीफ हुई। तीसरी लहर में अब तक करीब आठ सौ बच्चे कोरोना संक्रमण के शिकार हुए हैं। राहत की बात यह है कि इन बच्चों में कोरोना संक्रमण के हल्के लक्षण मिले। यही वजह है कि उनमें पोस्ट कोविड की समस्या नहीं देखने को मिली। जबकि, पहली और दूसरी लहर में महज एक से दो प्रतिशत बच्चे पोस्ट कोविड के शिकार हुए थे। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बड़ों के मुकाबले ज्यादा होती है। उनमें ऐसे हार्मोन नहीं पाए जाते हैं, जो संक्रमण को गंभीर बनाएं। यही वजह है कि उनमें संक्रमण गंभीर नहीं हुआ। बताया कि एमएमआर वैक्सीन लगने से बच्चों में वायरस ने गंभीर रूप धारण नहीं किया। अमेरिका में हुए कई शोध में इसका खुलासा भी हो चुका है। तीसरी लहर में बच्चे भले ही पॉजिटिव हो रहे हैं, लेकिन उनमें कोरोना निमोनिया की समस्या नहीं है।

हरियाणा कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले, बजट सत्र 2 मार्च से, धर्मांतरण विरोधी कानून बनेगा

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र दो मार्च से आरंभ होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में बजट सत्र की तारीख तय की गई। बजट सत्र की अवधि कितने दिन की होगी, यह हालांकि विधानसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक में तय किया जाएगा, लेकिन माना जा रहा है कि 12 मार्च तक बजट सत्र चल सकता है। सात या आठ मार्च को सुबह 11 बजे बजट पेश होने की संभावना है।



बजट सत्र में कई नए विधेयक पेश होंगे, जिन पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की गई है। साथ ही, आजादी से पहले और संयुक्त पंजाब के समय से चले आ रहे 20 से अधिक पुराने कानूनों को निरस्त किया जाएगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ हरियाणा सरकार कानून बनाने जा रही है। हरियाणा गैर-कानूनी धर्मांतरण रोकधाम विधयेक-2022 विधानसभा के इसी बजट सत्र में लाया जाएगा। इस कानून के तहत धर्मांतरण के पहले डीसी को सूचना देनी होगी। अवैध धर्मांतरण कराने वालों पर कानून का शिकंजा कसा जाएगा। इसके लिए कानून का मसौदा काफी समय पहले तैयार हो चुका था, जिसे इस बार के बजट सत्र में पेश किया जाने वाला है। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े आजादी से पहले के तमाम ऐसे पुराने कानूनों को निरस्त करने को बजट सत्र में विधेयक पेश होगा, जिनकी अब कोई उपयोगिता नहीं रह गई है। मुख्यमंत्री के अनुसार बजट सत्र कितने दिन चलेगा, इसका फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में होगा। बता दें कि दो मार्च को बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण से होगी। तीन व चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। पांच को शनिवार व छह को रविवार की छुट्टी रहेगी। सात मार्च को मुख्यमंत्री बजट पर अपना उत्तर दे सकते हैं। ऐसी भी संभावना है कि चार मार्च को ही सत्र की डबल सीटिंग कर इसी दिन सीएम अपना उत्तर दे दें। अगर ऐसा होता है तो सात मार्च को मुख्यमंत्री बजट पेश कर सकते हैं अन्यथा आठ मार्च को बजट पेश होगा। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है। ऐसे में यह सत्र महिलाओं के नाम समर्पित किया जा सकता है। इससे पहले भी स्पीकर एक बार महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को सत्र समर्पित कर चुके हैं। बजट पर चर्चा व बहस के बाद सीएम का जवाब आएगा।

पीएम मोदी के आरोपों पर प्रियंका गांधी का पलटवार बोलीं- वे क्या चाहते थे कि मजदूरों को असहाय छोड़ देते

पणजी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रवासी मजदूरों को लेकर लगाए गए आरोपों के लिए पीएम मोदी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि क्या पीएम यह चाहते थे कि जब मजदूर अपने घर वापस लौट रहे थे तो उन्हें असहाय छोड़ दिया जाता। बता दें कि प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि कांग्रेस ने कोरोना महामारी के दौरान मुंबई के मजदूरों को मुफ्त ट्रेन की टिकट दी, जिस कारण बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर दूसरे राज्यों में पहुंचे। इस वजह से पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में कोरोना के मामलों में इजाफा हुआ। पीएम मोदी के इन आरोपों पर प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा, जिन लोगों के पास अपने घर लौटने का कोई रास्ता नहीं था, जो पैदल वापस आ रहे थे - क्या वह (पीएम) चाहते थे कि कोई उनकी मदद न करे? मोदी जी क्या चाहते थे? प्रियंका ने पीएम मोदी की रैलियों को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, जो बड़ी-बड़ी रैलियां की गई हैं, उनके बारे में क्या?

इससे पहले सोमवार को, लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस ने प्रवासी श्रमिकों को मुंबई छोड़ने के लिए मुफ्त ट्रेन टिकट दिया, जिससे पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कोविड का प्रसार हुआ। कांग्रेस ने कोरोना की पहली लहर के दौरान सारी हदें पार कर दीं। पहली लहर के दौरान, जब देशभर में लाकडाउन लगा था और हलड सभी को जहां है वहीं रहने की सलाह दे रहा था, तो कांग्रेस निर्दोष लोगों को डराने के लिए मुंबई रेलवे स्टेशन चली गई और उन्हें अपने राज्यों में वापस जाने के लिए उकसाया। इसका परिणाम यह हुआ कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कोरोना तेजी से फैल गया।

चिंतन मनन

फिर कश्मीर राग

दुनिया भर में कश्मीर के मुद्दे पर दुत्कारे जाने के बाद अब पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को लेकर चीन की चौखट पर पहुंचा है। हालांकि, यहां भी उसे आश्वासन और एक बयान के अलावा कुछ खास हासिल नहीं हुआ। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान विटंर ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए चार दिन के दौरे पर बीजिंग पहुंचे थे। इसके आखिरी दिन उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इमरान ने इस मुलाकात में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में आ रही अड़चनों और चीनी वर्कर्स पर बार बार हो रहे हमलों के बारे में भी बात की। कश्मीर को लेकर चीन की तरफ से कहा गया कि वो किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करता है और कश्मीर मुद्द को ठीक से और शांति से हल करने का आह्वान करता है। इससे पहले भी इमरान कई फोरम पर कश्मीर का मुद्दा उठा चुके हैं, मगर हर जगह से उन्हें नाकामी हाथ लगी। थक हारकर उन्होंने अपना स्टैंड बदला और यह कहा कि वे भारत के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने और कश्मीर सहित सभी मसलों को बातचीत के जरिए सुलझाने के पक्ष में हैं, अगर भारत एक कदम बढ़ता है तो हम दो कदम बढ़ेंगे। उनके इस कथन में भी कश्मीर राग छिपा था, सो भारत ने उनकी पहल को नकार दिया। भारत का शुरू से दृढ़ मत रहा है कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारत हमेशा से कहता आया है कि कश्मीर मसले पर वह पाकिस्तान के साथ बातचीत को हमेशा तैयार है, लेकिन इसके लिए सबसे पहले वह सीमापार आतंकवाद को बंद करे। लेकिन जब इमरान यह तक कह रहे हैं कि पाकिस्तान कश्मीरी लोगों को नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन देता रहेगा, तो फिर कश्मीर मसला बातचीत से सुलझाने की गुंजाइश ही कहां रह जाती है! साफ है कि पाकिस्तान वही करेगा जो अब तक करता आया है। पाकिस्तान में पीटीआई की सरकार बनी ही सेना के समर्थन से है। इसलिए कश्मीर मसले पर सरकार का रुख सेना से अलग कैसे हो सकता है! पाकिस्तान की सेना कश्मीर को भारत के खिलाफ बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की रणनीति पर चलती आई है। पाकिस्तान का इतिहास बताता है कि अब तक जितनी भी निर्वाचित सरकारें सत्ता में रहीं या जो सैन्य शासक रहे, कश्मीर पर सबका एक ही रुख रहा है और अल्वी भी इसी रास्ते पर बढ़ रहे हैं। दरअसल, अभी तक भारत के प्रति पाकिस्तान के रवैए में कोई बड़ा सकारात्मक बदलाव नजर नहीं आया है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भारत सरकार फिलहाल 'देखो और प्रतीक्षा करोइ की नीति पर चले, यही बेहतर है। इमरान खान सरकार के सामने इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती पाकिस्तान का आर्थिक संकट है। देश की अर्थव्यवस्था पेंदे में जा चुकी है। पाकिस्तान तीस खरब डॉलर के कर्ज में डूबा है। भारत साफ कह चुका है कि पड़ोसी देश से बात तभी हो सकती है जब माहौल अनुकूल होगा। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि घाटी में पाकिस्तान-परस्त तत्वों की सक्रियता की एक बड़ी वजह अनुच्छेद 370 ही था। वे इस अनुच्छेद को इस रूप में पेश करते थे, जैसे कश्मीर भारत से भिन्न है और उसे देश से अलग होने का अधिकार है। इस अनुच्छेद का खात्मा केवल इसलिए जरूरी नहीं था कि वह अलगाववादियों की आड़ और औजार बन गया था, बल्कि इसलिए भी था, क्योंकि उसके जरिए पाकिस्तान यह दुष्प्रचार करने में समर्थ था कि उसे इस भारतीय भू-भाग में दखल देने का अधिकार है। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया तो इसीलिए कि वह कश्मीर का राग अलापने की फर्जी आड़ से हाथ धो बैठा। पाकिस्तान की बौखलाहट की परवाह न करते हुए भारत को यह रेखांकित करते रहना चाहिए कि वास्तव में उसे गुलाम कश्मीर में हस्तक्षेप करने का अधिकार है। इससे ही पाकिस्तान और साथ ही कश्मीर में उसकी तरफदारी करने वालों के हौसले पस्त होंगे। जहां तक नजरबंद कश्मीरी नेताओं की रिहाई की मांग है, तो इस पर विचार तभी किया जाना चाहिए जब यह भरोसा हो जाए कि वे अलगाववादी तत्वों को उकसाने का काम नहीं करेंगे।

मंहगाई की बात चली !

मंहगाई की बात चली ।
हुई कितनी कम ?
आती बात जुबां पर ।
होतीं आंखें नम ।।
झेल रहे हैं सारे ।
है सबको मालूम ।।
जानकर ये बात भी ।
हैं बनते मासूम ।।
क्या करे अब कोई ।
रहा है सब कुछ चल ।।
पर सोचना पड़ता ।
आने वाला कल ।।
बोलना तो ठीक है ।
पर हकीकत और ।।
इस ओर भी जल्द ।
होगा करना गौर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

गुलामी के प्रतीकों से लगाव की दूषित मानसिकता!

भारत में विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों पर ढोए जाने वाले गुलामी के प्रतीक चिन्हों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा तेजी से बदला जा रहा है। इससे गुलाम मानसिकता और भारत के बाहर स्थित अन्य राष्ट्रों में अपनी निष्ठाएं रखने वाले दलों व उनके नेताओं में बेचैनी का माहौल है। हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस मनाया गया तो उसके समापन समारोह पर होने वाली बीटिंग रिट्रीट में से एक ऐसे गीत को हटा दिया गया, जिसका भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान अथवा संप्रभुता से किसी भी प्रकार का सरोकार नहीं था। उसे ब्रिटिश मूल के एक कवि द्वारा रचा गया था और वह केवल और केवल ब्रितानी साम्राज्य को ही समर्पित था तथा उससे गुलामी मानसिकता की बू आती थी। उसके स्थान पर एक ऐसा गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी' जोड़ा गया जो हमारी सेना के जवानों को समर्पित है। इस परिवर्तन को लेकर देशभर से जो बधाइयां और शुभकामनाएं संदेश आ रहे हैं, उन्हें देख सुनकर यह संतुष्टि प्राप्त होती है कि नागरिकों ने इस परिवर्तन को मुक्त कंठ से सराहा है और उसे हृदय से ग्रहण किया है। लेकिन यह जानकर आश्चर्य हुआ कि राष्ट्रीय निष्ठाओं के हित में किया गया यह परिवर्तन चंद राजनीतिक दलों, उनके नेताओं और उंगलियों पर गिने जा सकने वाले स्वयंभू प्रबुद्धजनों को रास नहीं आ रहा है। यह जानकर केवल बुरा ही नहीं लगा, मन व्यथित भी हुआ और अंतर्मन में यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि देश के एक खास वर्ग, चुनिंदा राजनीतिक दलों और तथाकथित प्रबुद्ध जनों को वह सब क्यों भाता है, जिसे स्मरण करने मात्र से दासता अथवा गुलाम मानसिकता के जीवंत बने रहने का एहसास पैदा होता है। कौन हैं यह लोग? जो राष्ट्रीय स्वाभिमान, संस्कार और संस्कृति को मानने वालों को हमेशा दकियानूसी, सांप्रदायिक और संकुचित मानसिकता वाली दक्षिणपंथी विचारधारा का पोषक साबित करने में जुटे रहते हैं। जहां तक मेरा अध्ययन है, ये शब्द उन

नेताओं, राजनीतिक दलों और कथित प्रबुद्ध जनों ने गढ़े हैं, जो खुद को वामपंथी विचारधारा का समर्थक मानकर गौरव का अनुभव करते हैं। यह खुद को वामपंथी मानें या फिर कुछ और, इसमें किसी को क्या एतराज हो सकता है? लेकिन इन्हें यह अधिकार किसने दिया कि जिनके विचारों से इनकी भारत के बाहर स्थित निष्ठाएं मेल नहीं खातीं, यह उन्हें दक्षिणपंथी, सांप्रदायिक और दकियानूसी शब्दों से पुकारना शुरू कर दें? सही बात तो यह है कि भारतीय संस्कृति में दक्षिणपंथी जैसी विचारधारा कोई थी ही नहीं और ना वर्तमान में ही है। किंतु हां, दो विचारधाराएं यहां लंबे अरसे से देखने को मिल रही हैं। इनमें से एक है सेक्यूलर वाद, जिसमें वामपंथी विचारधारा भी निहित है। इनका भारतीय संस्कृति और उसके गौरवशाली इतिहास से कोई लेना देना नहीं है। भारतीय शब्दावली में इसे धर्मनिरपेक्षता वाद कहा गया है। धर्म निरपेक्ष यानी कि जो धर्म से ही निरपेक्ष है, उस के पक्ष में कतई नहीं। दूसरी वह विचारधारा, जिसे इन्हीं के जैसे इतिहासकारों और तथाकथित प्रबुद्ध जनों ने राष्ट्रवाद का नाम दे रखा है। यह वह विचारधारा है जिसमें राष्ट्रीयता, अपनी संस्कृति और संस्कारों से प्रेम निहित हैं। इसमें धर्म युक्त आचरण अपेक्षित है और धर्म को सही मायने में दायित्व माना गया है। उदाहरण के लिए- पुत्र का पालन पोषण पिता का धर्म, माता पिता की सेवा पुत्र का धर्म, नागरिकों का हित करना राष्ट्र धर्म और राष्ट्र की रक्षा करना नागरिक का धर्म माना गया है। इनके लिए कहा जाने वाला दक्षिणपंथी अथवा राष्ट्रवादी शब्द सर्वथा गलत है। भारत का किसी भी वाद से कभी कोई लेना-देना रहा ही नहीं। पश्चिमी इतिहासों का अध्ययन करने के बाद हम यह पाते हैं कि 'वाद' का प्रादुर्भाव पश्चिमी मूल के 'इज्म' शब्द से हुआ है। यदि पश्चिमी इतिहासकारों द्वारा रचित साहित्य की बात करें तो उसमें 'इज्म' अथवा 'वाद' उस प्रक्रिया को कहा गया है, जो अपना अधिपत्य अथवा मत बलात स्थापित करने या फिर दूसरों पर थोपने हेतु बलपूर्वक अपनाई गई। इस दृष्टि से देखा जाए तो विदेशी और खासकर पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित वामपंथियों, धर्मनिरपेक्षता वादियों द्वारा दिए गए राष्ट्रवाद जैसे शब्दों को सही नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि वाद अथवा इज्म हमारे संस्कार में कभी रहा ही नहीं। यदि अपवाद स्वरूप देश के किसी राजा, बादशाह या फिर सामंत ने इसे बलात थोपने के कुत्सित प्रयास किए भी, तो हमारे ही स्थानीय वीर योद्धाओं और विचारकों ने उन्हें सफल नहीं होने दिया। इनमें महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और चंदबरदाई जैसे महामानवों के नाम लिए जा सकते हैं। हमारे ऐसे अनेक पूर्वज और हम देश प्रेमी अथवा राष्ट्रीयता के विचार से हमेशा ओतप्रोत रहे। हमारे देश में पहले राजशाही रही हो अथवा वर्तमान में लोकशाही, यहां के किसी भी शासक ने दूसरे राष्ट्रों के प्रति कभी भी ऐसा कोई कृत्य किया ही नहीं, जिससे वाद या फिर इज्म की तोहमत हम पर लगती हो। कहने का आशय यह कि सेक्यूलर वादियों और वामपंथियों द्वारा थोपे गए जिस राष्ट्रवाद शब्द का उल्लेख हम स्वयं भी अक्सर अपने राष्ट्र प्रेम से युक्त व्यवहार को लेकर अपने लिए करते रहते हैं, वह शब्द हमारी संस्कृति, संस्कारों और व्यवहार के अनुकूल नहीं। क्योंकि हम राष्ट्रवादी हैं ही नहीं, या तो हम राष्ट्रीय हैं अथवा फिर राष्ट्रप्रेमी। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि जो लोग हमें दक्षिणपंथी अथवा दकियानूसी कहते हैं, वे वास्तव में वामपंथी और सेक्युलर वादी ही हैं। इनमें से कुछ वे लोग हैं जो सेक्यूलरवाद अथवा धर्मनिरपेक्षता वाद की आड़ में तुष्टीकरण की फूट डालो राज करो वाली नीति अपनाते रहते हैं। दूसरे वाले लोग हैं जिन्हें भारत और भारतीयता से कोई लेना-देना नहीं। इनकी निष्ठाएं भारत के बाहर स्थित हैं। इनके लिए देश भारत माता ना होकर केवल एक जमीन का टुकड़ा है, जहां रहकर यह लोग अपनी राजनैतिक हितों की पूर्ति में लगे रहते हैं। अपना उल्लू सीधा करने में जुटे इन विचारधाराओं के पोषक लोगों का नारा बहुजन सुखाय हो सकता है। लेकिन जो राष्ट्र प्रेमी हैं और देश को मातृभूमि के रूप में पूजते हैं, उन्होंने हमेशा सर्वजन सुखाय की नीति का पालन करने में ही संतुष्टि की अनुभूति पाई है। लिखने का आशय केवल इतना सा है कि हम ना तो दक्षिणपंथी हैं और ना ही राष्ट्रवादी। हम राष्ट्रीय हैं और राष्ट्र प्रेमी हैं। और जो लोग इस विचारधारा का विरोध करते हैं वह निश्चित तौर पर अराष्ट्रीय और राष्ट्र शत्रु ही कहे जा सकते हैं।

प्रेम पथिक बसंत को भुला दिया रे

भारत को पर्व त्योहारो का देश कहा गया है। यहाँ की संस्कृति - सभ्यता ही विश्व के मानचित्र में हमारी पहचान है। लेकिन दुःख की बात यह है कि इस भौतिक वादी युग में आज मानव अपने भोग विलास इतना लिप्त हो गया है कि उसे पता ही नही है कि उसके जीवन का लक्ष्य क्या है। आज उसके पास समय नही है। विगत वर्षो में प्रकृति ने मानव को उसके जीवन के वास्तविक जीवन से परिचय वैश्विक महामारी कोरोना संकट काल में कराया दिया है।

वसंत ऋतु का आगमन हो चुका है।वसंत के स्पर्श मात्र से प्रकृति पुल्लकित व पल्लवित हो गई है। प्रकृति ने अपना श्रंगार किया है। खेतो में खड़ी सरसों के लहराते पीले फूलों ने वसंत बयारों के साथ नव यौवनाओं की तरह अठखेलियाँ कर रही है। बागों में आम के पेड़ो पर नव मंजरी की मन मोहक मादकता की सुगंध से जग जाहिर हो गया है कि ऋतु राज का आगमन हो चुका है। ऋतुराज वसंत अपने साथ प्राकृतिक आनंद लेने की सुःखद सौगात लेकर आपके घर आँगन में अपनी उपस्थित दर्ज करा दी है। जिस की चर्चा गाँव में बुजुर्गों के चौपाल,पनघट पर पन हारियों की घूंघट के अन्दर से निकलती विरह की गीतों सुनाई पड़ने लगी है। बसंत आगमन की खुशी में बाग - बगीचे व उपवन में रंग बिरंगे सुमन की सुंगध चहुं दिशाओं यें महक उठी है,चिड़ियाँ चहकने लगी है। प्रकृति का पराग पर्यावरण में इस कदर छलका है कि देश का सम्पूर्ण परिवेश आनंदित हो गया है।सारे जहान में सरसता ही सरसता झलकता है ,किन्तु आज प्रातः काल से आकाश घने काले बादल के आगोश में भगवान भुवन भास्कर छिपा है।मै अपनी विस्तर पर लेटा ही था,तभी मेरी नजर अनायास ही समाने की दीवार पर टंगे हुए पर पड़ते ही पता चला कि आज हिन्दी पंचाग के अनुसार माघ मास का आगमन हो चुका है जो कि बसंत ऋतु का आगमन की शुभ सन्देश दे रहा है। वसंत के मनमोहक मादकता की महक से भरे वातावरण में प्रकृति रानी एक नव नवेली दुल्हन की तरह सातों श्रृंगार करने के लिए तत्पर है' वही ओर पर्वत राज हिमालय के स्वेत हिम खण्डों से सर्द हवाओं का हाड़ कप कपाने वाली सर्दी हम कहानी सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी द्वारा लिखित कहानी 'पुस की रात 'की यादें ताजा कर रही है।

आज के भौतिकवादी युग में वसंत की यादें धूमिल सी हो गई है। खासकर विकाश के नाम पर जगह - जगह विकाश काय कंकरीट के जंगल गगन चुम्बी इमारतों में रहने वाले समाज के सभ्य मानव मशीनों की तरह अपने जीवन जीने को मजबूर है। मै सोचने को बाध्य हो गया हुँ कि काश इस समय मै अपने गाँव में होता जहाँ ऋतु राज वसंत आगमन के स्वागत में गाँव के सभी बच्चे बड़े ,नव युवक - नव युवतियां' किसान व ग्रहणी अपने अपने स्तर तैयारियो में जुट जाते है। अन्न दाता किसान अपने खेतों में लहराते हुए रवि फसलों में लगे हरे हरे गेंहू की बाली,चने - मटर व तीसी के रंग बिरंगें फुलों के संग

वसंत वयारो प्रकृति अपनी अल्हड यौवन की अटखेलियाँ थकते नही है।यहाँ के सभी वन उपवन में खिले रंग विरंगें फुलों से स्वयं प्रकृति ने श्रृंगार किया है। तभी तो रसिक भंवर में अपने मधुर संगीत की प्रेम घुन छेड़ दी है।संगीत के मर्मज्ञ संगीतकारों ने अपनी साज व बाध्य यंत्रो से संगीत के मधुर रस घुलने वाली तान का रियाज करने में व्यस्त हो गए है। गाँवो के गवैये ने फागुन के गीत फाग व होली की गीत की मधुर संगीत स्वर सुनाई पड़ने लगे है। इस वासंतिक स्पर्श से साधकों का अन्त करण भी कैसे अछुता रह सकता है। साधकों के संकल्प में नये सुमन खिले है जो साधना में बिखेर रही है।अपने सद्गुरु की सानिध्य में साधकों द्वारा साधना के सातो स्वर 'आस्था,श्रद्धा,सेवा , समपर्ण,त्याग 'करूणा व प्रेम ने माधुर्य रस बरसाने लगे है। सद्गुरू प्रेम के सरगम ने साधकों के अंत करण इस कदर तान छेडी है कि आज सम्पूर्ण वातावरण स्पंदित होने लगा है।यहाँ तक की स्वयं अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश अथार्त स्वयं ज्ञान की देवी सरस्वती विभोर व भाव विहल हो कर महाप्रज्ञा कि ऋतम्भरा बन कर समस्त मानव समुदाय को वरदान देते हुए साधको के अन्तस के अस्तित्व में स्वयं अवतरित हो रही है।वसंत की उपस्थित में सदा मौन रहने वाला पर्वतराज हिमालय भी आज अपने आप को अछुता नही रख पाया है।वंसत के माधुर्य वयारों से हिमखंड हिमालय को मुखर कर दिया है। उससे गुजरने वाला वायु के वातरस में बहने वाली नदियों की जल घारा में मिठास घोल दी है। मधुमास के रंग में मघुमती हो गई है देवदार चीर - चिनार के संग अनेकों जुड़ी बुटी व औषधि पौधे ने अभय दान का अमृत रस घोलने शुरू कर दिया है। हिमालय के कंदराओं में साधना रत ऋषि मुनि अपना मौन तोड़कर मुखर हो गए है।

स्वेत हिम खण्ड से सदा ही अच्छादित कैलाशवासी सदगुरु शिव शंकर ने अपने साधक संतानों को साधना द्वारा अपने अंतकरण क्रे द्वार की चाबी सौप कर उनका मार्ग दर्शन कर रहे है। आज मलयाचल पर्वत से अमृत वेला में बहने वाली ब्यार के संग संदेश भेजा है कि यह साधना की वेला है जन जागरण का समय व अध्यात्मिक कान्ति के माध्यम से नर से नारायण बनने की वेला है । जो जागृत है ,साधना रत है लेकिन अपने अंतराल के अंधकारमय अंहकार में उलझे है ' वे ये नही जानते है कि बाहर से दिखने वाला स्वर्ण कलश में भड़कीले - चमकीले पश्चिमी सभ्यता ने हमारे समाज में शनै शनै विष घोल रही है। इस सभ्यता के प्रबल समर्थक भारतीय प्राचीन सभ्यता व संस्कृति की मिटटी कलश में छिपे अमृत कलश की अनदेखी करने है।जिसका दुष्परिणाम आज आप व हमारे समाने है।

ऐसे प्रेम पथिक वसंत गौतम नानक 'मीरा' कबीर 'रस खान,कृष्ण की भुमि के निवासी यह कहने को मजबूर हो गया है कि " तुमने मुझे रुला दिया रे -- -- रुला दिया।तुम ने मुझे भूला दिला रे --- - भुला दिया लैकिन मै तुझे कैसे भुला सकता हूँ । मुझे तो इस देव भुमि से प्रगाढ़ प्रेम है । आप के पुर्वजों से वे शर्त प्रेम है।इसलिए मै प्रत्येक वर्ष अपने चाहने वाला निष्काम लिए आता था 'आ गया हूँ और भविष्य में भी आता रहुगा अपने प्रेमी के जीवन में आनंद रस घोल कर अमृत पान कराने के लिए !

प्रिय पाठक आप के जीवन मे भी वसंत आप के दलहीज पर आ कर दस्तक दे रहा है।आपको हंसाने ' जीवन का सच्चे आनंद लेने के लिए !यह वसंत आपके जीवन में प्रेम अनुराग ' उल्लास लाये यही हमारी कामना है।फिल हाल यह कहते हुए विदा लेते है - ना ही काहू से दोस्ती,ना ही काहूं से बैर। खबरी लाल तो माँगे सबकी खैर॥

पाक को बुद्धू बना रहा चीन

पेइचिंग के ओलंपिक समारोह में रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी शामिल हुए। भारत ने उसका बहिष्कार कर रखा है। इसमें आशंका यह थी कि चीन पुतिन को पटाएगा और कोई न कोई भारत-विरोधी बयान उससे जरुर दिलवाएगा। ऐसा इसलिए भी होगा कि भारत आजकल अमेरिका के काफी नजदीक चला गया है और रूस व अमेरिका, दोनों ही यूक्रेन को लेकर आमने-सामने हैं। इसके अलावा इमरान खान भारत-विरोधी बयान पेइचिंग में जारी नहीं करवाएंगे तो कहां करवाएंगे? आजकल कश्मीर पर सउदी अरब, यूएई और तालिबान भी लगभग चुप हो गए हैं तो अब बस चीन ही एक मात्र सहारा बचा है लेकिन आप यदि चीन-पाक संयुक्त वक्तव्य ध्यान से पढ़ें तो आपको चीन की चतुराई का पता चल जाएगा। चीन ने अपना रवैया इतनी तरकीब से प्रकट किया है कि आप उसका जैसा अर्थ निकालना चाहें, निकाल सकते हैं। तीन-चार दशक पहले वह जिस तरह से कश्मीर पर पाकिस्तान का स्पष्ट समर्थन करता था, वैसा अब नहीं करता है। उसने यह तो जरुर कहा है कि कश्मीर समस्या का हल सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव, संयुक्तराष्ट्र घोषणा-पत्र और आपसी समझौतों से हल किया जाना चाहिए। इसका मतलब क्या हुआ? सुरक्षा परिषद के जनमत-संग्रह के प्रस्ताव को तो उसके महासचिव खुद ही अप्रासंगिक घोषित कर चुके हैं और कह चुके हैं कि आपसी समझौते के लिए बातचीत का रास्ता ही सर्वश्रेष्ठ है। मैं तो पाकिस्तान के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों से हमेशा

यही कहता रहा हूं कि युद्ध और आतंकवाद के जरिए कश्मीर को हथियाना आपके लिए असंभव है लेकिन भारत और पाकिस्तान आपस में मिल-बैठकर समाधान निकालें तो कश्मीर का हल निकल सकता है। इस चीन-पाक संयुक्तवक्तव्य के अगले पैरे में यही बात साफ-साफ कही गई है। यह साफ है कि किसी बाहरी महाशक्ति की दखलंदाजी का परिणाम कुछ नहीं होगा। उल्टे, वह राष्ट्र पाकिस्तान को बुद्धू बनाता रहेगा और अपना उल्लू सीधा करता रहेगा। चीन का यह कहना कि कश्मीर में एकतरफा कार्रवाई ठीक नहीं है। यह सुनकर पाकिस्तान खुश हो सकता है कि चीन ने धारा 370 के खात्मे के विरुद्ध बयान दे दिया है। लेकिन चीन ने यहां गोलमाल भाषा का इस्तेमाल किया है। इस मुद्दे पर भी वह साफ-साफ नहीं बोल रहा है। अगर वह बोलेगा तो भारत उसके सिंक्यांग प्रांत के उइगर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप क्यों रहेगा? जहां तक रूस का सवाल है पुतिन ने कोई लिहाजदारी नहीं बरती, चीन की तरह! उसने साफ-साफ कह दिया कि कश्मीर द्विपक्षीय मामला है। दिल्ली के रूसी दूतावास ने एक बयान में यह भी स्पष्ट कर दिया कि रेडफिश चैनल नामक एक रूसी चैनल के इस कथन से वह बिल्कुल भी सहमत नहीं है कि कश्मीर अब फिलस्तीन बनता जा रहा है। रूस का यह रवैया चीन के मुकाबले दो-टूक है लेकिन चीन के उलझे हुए रवैए का रहस्य यही है कि उसे पश्चिम एशिया और यूरोप तक रेशम महापथ बनाने के लिए पाकिस्तान को साधे रखना बेहद जरुरी है। यह रेशम महापथ कब्जाए हुए कश्मीर में से ही होकर आगे जाता है।

सोशल मीडिया से बीमार बन सकती हैं आप

अगर आप भी सोशल मीडिया पर घंटों सक्रिय रहती हैं और दूसरी की प्रोफाइल तस्वीरें देखकर अपनी तुलना उससे करने लगती हैं तो सावधान हो जाएं ये आदत आपके लिए नुकसानदेह हो सकती है। सोशल मीडिया पर दूसरों की खूबसूरत तस्वीरें देखने से आपके अंदर हीन भावना आ सकती है। इसकी वजह से आपका खुद का आत्मविश्वास खो देंगी और ऐसे में उदासी आपके अंदर घर कर जाएगी। बढ़ने पर यह अवसाद का रुप भी ले सकती है। सोशल मीडिया पर 5 तरह की अलग-अलग रिसर्च स्टडी की गई जिसमें इस बात की पुष्टि की गई है कि सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर करने वाले लोगों में हीन भावना आ रही है। सबसे पहले इस सर्वे में 227 लड़कियों को शामिल किया गया। सर्वे में पता चला कि लड़कियां सबसे ज्यादा अपनी तुलना अपने दोस्तों से ही करती हैं। इसके अलावा वो फेसबुक पर फेमस सेलिब्रिटीज की एडिटिड तस्वीरें देखकर भी परेशान हो जाती हैं। इस सर्वे में इस बात का भी पता चला कि लड़कियां कभी भी अपनी तुलना अपने परिवार के सदस्यों से नहीं करती हैं। ऐसे में इन लोगों को ये समझना जरूरी है कि जो तस्वीरें फेसबुक पर देखने को मिलती हैं वो पूरी तरह सही नहीं होती हैं। वहीं एक अन्य अध्यन में इस बात का दावा किया गया कि लगातार ली गई कई सेल्फी के बावजूद भी लड़कियां अपने अंदर आत्मविश्वास नहीं जगा पाती हैं। इन तस्वीरों में उन्हें कहीं न कहीं खामियां नजर ही आती रहती हैं। इतना ही नहीं वो अपनी तस्वीर की तुलना अपने दोस्तों के साथ भी करती हैं। लड़कियों को अपनी तस्वीर में सिर्फ खामियां ही नजर आईं। उनके पास उस तस्वीर को सुधारने का मौका था, बावजूद इसके उनका ध्यान सिर्फ नकारात्मक चीजों पर ही लगा रहा। ऐसे में आपको अपनी तुलना छोड़कर सोशल मीडिया का उपयोग आत्मविश्वास बढ़ाने और जिंदगी को बेहतर तरीके के लिए जीने के लिए करना चाहिये।

सावधान! जरा संभल कर खाइए गुड़ वरना आपके स्वास्थ्य को हो सकते हैं ये नुकसान

/गुड़ ना सिर्फ खाने में टेस्टी होता है बल्कि यह इसके सेवन से हमारे स्वास्थ्य को भी कई लाभ होते हैं। गुड़ में आयरन, कैल्शियम और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जहाँ एक ओर गुड़ खाना हमारी सेहत के लिए अच्छा होता है, वहीं दूसरी तरफ गुड़ का अत्यधिक सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। गुड़ में अधिक मात्रा में कार्बोहायड्रेट, शुगर और कैलोरी होती है इसलिए इसका सेवन ध्यान से करना चाहिए। यदि गुड़ स्वच्छ तरीके से तैयार ना गया किया गया हो तो इससे इंफेक्शन हो सकता है। यही कारण है कि हमेशा शुद्ध और स्वच्छ तरीके से बना अच्छी क्वालिटी वाला गुड़ ही खाना चाहिए। आज के इस लेख में हम आपको गुड़ खाने से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी देंगे –

वजन बढ़ने का खतरा

गुड़ में अधिक मात्रा में शुगर और कैलोरी होती है इसलिए जो लोग वजन घटाना चाहते हों उन्हें गुड़ खाने से परहेज करना चाहिए। 100 ग्राम गुड़ में लगभग 385 कैलोरी होती है, इसलिए अधिक मात्रा गुड़ का सेवन करने से जल्दी वजन बढ़ सकता है। हालांकि, कभी–कभी और कम मात्रा में गुड़ खाने से कोई नुकसान नहीं होता।

नाक से खून निकलना

गुड़ की तासीर गर्म होती है इसीलिए सर्दियों में गुड़ खाने की सलाह दी जाती है। सर्दियों में गुड़ खाने से शरीर में गर्माहट आती है लेकिन गर्मी के मौसम में गुड़ का सेवन करने से कुछ लोगों को नाक से खून निकलने की समस्या हो जाती है।

शुगर बढ़ने का खतरा

चीनी की तुलना में गुड़ ज्यादा पौष्टिक होता है, यही कारण है कि शुगर के मरीजों को चीनी की बजाय गुड़ खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन अधिक मात्रा में गुड़ खाने से ब्लड शुगर की समस्या बढ़ सकती है। 10 ग्राम गुड़ में 9।7 ग्राम शुगर होती है इसलिए गुड़ का सेवन करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए। शरीर में सूजन का खतरा

जिन लोगों को गठिया की समस्या होती है उन्हें ज्यादा मात्रा में गुड़ खाने से बचना चाहिए। गुड़ में अधिक मात्रा में सुक्रोज पाया जाता है जो गठिया की बीमारी में नुकसान पहुंचता है। एक रिसर्च में पाया गया है कि सुक्रोज शरीर में ओमेगा–3 फैटी एसिड के साथ मिलकर शरीर में जलन सूजन पैदा करता है, इसलिए गठिया के मरीजों को गुड़ का सेवन नहीं करना चाहिए।

पेट में इंफेक्शन होने का खतरा

अगर गुड़ स्वच्छ और सही तरीके से तैयार ना किया गया हो तो इससे पेट में कीड़े होने का खतरा रहता है। गुड़ ज्यादातर गांवों में बनाया जाता है, जहां इसे तैयार करते समय स्वच्छता पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। इस वजह से इसमें अशुद्धता रह जाती है जिससे स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

चावल के पानी का बालों पर ऐसे करें इस्तेमाल, मिलेंगे लम्बे और घने बाल

/चावल का इस्तेमाल लगभग हर घर में किया जाता है। चावल को भिगोने से लेकर उसे पकाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन चावल पकाने के बाद जो पानी बच जाता है, उसे यूं ही फेंक दिया जाता है। हालांकि चावल का पानी आपके बालों के लिए बेहद लाभदायक है। यह स्टार्चयुक्त है और जब इसे बालों में अप्लाई किया जाता है तो यह आपके बालों को चिकना और चमकदार बनाता है। साथ ही इससे बालों की ग्रोथ भी काफी तेज होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको चावल के पानी से बालों को होने वाले लाभ और उसके इस्तेमाल के बारे में बता रहे हैं.

कंडीशनर की तरह करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट बताते हैं कि चावल का पानी एक बेहतरीन कंडीशनर की तरह काम करता है। इसके लिए आप कंडीशनर का उपयोग करने के बजाय शैम्पू करने के बाद चावल के पानी से अपने बालों में अप्लाई करें। यह इलास्टिसिटी और हेयर वॉल्यूम को बढ़ाता है। साथ ही कर्ली हेर्यस को भी मैनेज करने में मदद करेगा।

हेयरग्रोथ में मददगार

ब्यूटी एक्सपर्ट कहते हैं कि यदि आप बालों का झड़ना कम करना चाहती हैं और उसकी ग्रोथ को बेहतर बनाना चाहती हैं तो चावल का पानी बहुत ही अच्छा है। इसमें मौजूद अमीनो एसिड बालों के पुनर्जनन में मदद करते हैं और आपके बालों के तेजी से बढ़ने में सहायता करते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें विटामिन बी, सी और ई होते हैं, जो बालों के विकास में मदद करते हैं। हेयरग्रोथ के लिए आप बालों को धोने के बाद चावल के पानी से बालों को रिंस करें। सप्ताह में कम से कम दो बार इस प्रक्रिया का पालन करें और आपको अपने बालों में फर्क साफ नजर आएगा।

डैंड्रफ से मिलेगा छुटकारा

अगर आप चावल उबालने के बाद बचे हुए पानी को बालों को इस्तेमाल करती हैं तो यह रूसी से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। दरअसल, फरमेंटेड चावल के पानी में एंटीफंगल गुण होते हैं जो रूसी के खिलाफ काम करते हैं और इसे खत्म करने में मदद करते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए कुछ घंटों के लिए सप्ताह में एक या दो बार हेयर मास्क के रूप में इसका उपयोग करें।

iPhone 12 की लॉन्च डेट का हुआ ऐलान, ए इसकी कीमत और फीचर्स

पचेवदम लवर्स के लिए एक खुशखबरी आ चुकी है क्योंकि पचेवदम 12 जल्द ही लांच होने जा रहा है जिसकी आधिकारिक घोषणा पचेवदम निर्माता कंपनी के द्वारा कर दी गई है। इस बार ऐसा पहला मौका होगा जब एप्पल कंपनी सितम्बर महीने में लॉन्चिंग नहीं कर पाई है। खबरों के मुताबिक 13 अक्टूबर को एप्पल पचेवदम12 की लॉन्चिंग की जा सकती है। रियूमर्स की मानें तो लॉन्चिंग के बाद ही इसकी प्री–बुकिंग भी चालू हो जाएगी। लेकिन एप्पल अपने कस्टमर्स के लिए क्या–क्या खास लाने जा रही है और इस बार पचेवदम12 के साथ–साथ और कौन–से मॉडल लॉन्च किए जाएंगे और उनमें कितने बेहतरीन फीचर्स होंगे इस पर एक नजर डालनी जरूरी है। पचेवदम12 सीरीज के कौन–कौन से मॉडल लान्च हो सकते हैं?

एप्पल की लॉन्चिंग की जितनी भी खबर लीक हो चुकी है उस पर अगर गौर करें तो करीब 4 मॉडल लॉन्च होने के कयास लगाए जा रहे हैं। जिसमें पचेवदम12 के साथ ही पचेवदम12 चतव 6.7 डिस्पले के साथ और पचेवदम 12 चतव डं• 6.7 इंच डिस्प्ले के साथ वहीं पचेवदम 12 डपदप जिसका डिस्प्ले साइज 5.1 होगा वहीं पचेवदम12 का डिस्पले भी मिनी साइज यानि 6.1 ही हो सकता है। एप्पल के ये चारों मॉडल पै 14 पर काम करेंगे।

चारों मॉडल की कितनी होगी कीमत?

।चचसम पचेवदम12 की शुरुआती कीमत

खबरों के अनुसार मानें तो पचेवदम12 के 64 जीबी वेरिएंट वाले फोन की कीमत 55,000 रुपए के करीब हो सकती है, वहीं यदि इसके 128 जीबी और 256 जीबी वाले वेरिएंट की बात करें तो इनकी कीमत क्रमशः 58,500 और 65,000 रुपए के करीब होगी।

।चचसम पचेवदम12 डपदप की शुरुआती कीमत

इस फोन के 64ळठ वेरिएंट की कीमत महज 47,000 रुपए के करीब होगी वहीं इसके 128ळठ और 256ळठ वाले वैरिएंट की कीमत क्रमशः 51,000 और 58,000 के करीब हो सकती है।

।चचसम पचेवदम12 च्तव की शुरुआती कीमत

सबसे पहले जान लीजिए कि ये फोन 64ळठ वाले वैरिएंट में उपलब्ध नहीं होगा। वहीं इसके 128ळठ वाले वैरिएंट वाले फोन की कीमत 73,000 से 75,000 के बीच हो सकती है ।

बार-बार चक्कर आने को ना करें नजरअंदाज, यह हो सकता है वर्टिगो का लक्षण, जानें वर्टिगो से बचाव के घरेलू उपाय

कई बार हमें चलते–चलते या अचानक उठने पर चक्कर आने लगता है, जो कुछ देर में अपने आप ही ठीक हो जाता है। इस वजह से हम चक्कर आने की समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये वर्टिगो का लक्षण हो सकता है। वर्टिगो एक वेस्टिबुलर न्युरोनिटिक्स डिऑर्डर है जिससे देश में कई लोग जूझ रहे हैं। कान के भीतरी हिस्से, गर्दन या सिर पर चोट लगने के कारण वर्टिगो की समस्या हो सकती है। आज के समय में वर्टिगो की समस्या बहुत आम हो गई है, जिसमें सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी आना और जी मितलाना जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। अक्सर हम इसे आम चक्कर समझ कर अनदेखा कर देते हैं लेकिन समय रहते वर्टिगो का इलाज ना करवाया जाए तो इससे अन्य गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं।

अदरक

अदरक हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना लाभकारी है यह तो आप जानते ही होंगे। वर्टिगो के लक्षण जैसे चक्कर आना, उलटी आना या मितली की समस्या में अदरक का सेवन करना बेहद फायदेमंद होता है। वर्टिगो से बचाव के लिए आप अदरक को

छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर उबाल लें और फिर चक्कर आने पर इसका सेवन करें। इसके अलावा आप अदरक की चाय बना कर भी पी सकते हैं।

नींबू

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। वर्टिगो की समस्या में नींबू का इस्तेमाल बेहद लाभकारी साबित होता है। वर्टिगो में नींबू का सेवन करने से चक्कर, उल्टी या मितली जैसी समस्याओं से जल्द राहत मिलती है। इसके लिए आप एक गिलास पानी में नींबू का रस और चीनी मिलकर पिएँ। आप दिन में तीन से चार बार इस पानी का सेवन कर सकते हैं।

जिन्कगो बिलोबा

जिन्कगो बिलोबा के पौधे को औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। वर्टिगो की समस्या में यह रामबाण इलाज है। ये मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन को सुधरता है और चक्कर से बचाव करता है। वर्टिगो की समस्या से बचाव के लिए नियमित रूप से जिन्कगो बिलोबा का सेवन करें। बाजार में जिन्कगो बिलोबा की टेबलेट, सूखी पत्तियाँ और जूस उपलब्ध होता है। आप डॉक्टर की सलाह से किसी भी रूप में इस जड़ी–बूटी का सेवन कर सकते हैं।

आवँला आँवला हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन सी और विटामिन ए की प्रचूर मात्रा में मौजूद होता है। नियमित रूप से आँवले का सेवन करने से शरीर की ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और वर्टिगो की समस्या में आराम मिलता है। इसके लिए आँवले को बिना बीज के पीस लें। अब इसमें दो चम्मच धनिया के बीच और पानी डालकर रात भर भिगोकर छोड़ दें। सुबह इस पानी को छान कर पी लें। नियमित रूप से इस पानी का सेवन करने से वर्टिगो की समस्या में जल्द लाभ होगा।

शहद

शहद को प्राकृतिक एनर्जी बूस्टर माना जाता है। इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट्स कई तरह के रोगों से बचाव करते हैं। शहद हमारे ब्लड शुगर लेवल को सामान्य रखने में मदद करता है और चक्कर से बचाव करता है। शहद शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है और चक्कर आने से रोकता है। वर्टिगो से बचाव के लिए आप एक गिलास पानी में दो चम्मच शहद और एक चम्मच सेब का सिरका मिलाकर पी सकते हैं। नियमित रूप से दिन में कम से कम दो बार इस मिश्रण का सेवन करने से चक्कर की समस्या में आराम मिलता

एसेंशियल ऑयल

वर्टिगो की समस्या में एसेंशियल ऑयल के इस्तेमाल से काफी आराम मिलता है। चक्कर और सिरदर्द से जल्द राहत पाने के लिए आप पेपरमिंट ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच बादाम के तेल में दो–तीन बूँदें पेपरमिंट ऑयल की डालकर मिक्स कर लें। अब इसे अपने माथे और गर्दन के पीछे लगाएं।

भूलकर भी इन चीजों को माइक्रोवेव में गर्म ना करें, पड़ सकते हैं गंभीर रूप से बीमार

आजकल हम सबकी लाइफ इतनी बिजी हो गई है कि हमारे पास फुर्सत से बैठकर खाना खाने का टाइम भी नहीं होता है। ऐसे में जिन लोगों को

ऑफिस जाना होता है वे अक्सर सुबह ही दोनों टाइम का खाना बनाकर फ्रिज में रख देते हैं और बाद में उसे माइक्रोवेव में गर्म कर लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आपको यह जान लेना बेहद जरूरी है कि ऐसा करके आप अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जी हाँ, कुछ ऐसी चीजें होती हैं जिन्हें माइक्रोवेव में गर्म करने से ना केवल उनमें मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं बल्कि वे हमारे शरीर के लिए जहर के समान हो जाती हैं। आइए जानते हैं कि कौन सी चीजों को माइक्रोवेव में गर्म नहीं करना चाहिए –

आलू

आलू को आप किसी भी सब्जी के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। यह ना सिर्फ खाने में स्वादिष्ट लगता है बल्कि आलू कार्बोहाइड्रेट का भी एक अच्छा स्त्रोत है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलू को दोबारा गर्म करके खाना सेहत के काफी हानिकारक साबित हो सकता है। दरअसल, आलू को दोबारा पकाने से उसमें बोटुलिज्म नामक बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं। आलू को माइक्रोवेव में गर्म करने के बावजूद ये बैक्टीरिया खत्म नहीं होते हैं और इससे फूड पॉयजिनिंग भी हो सकती है।

चिकन

अक्सर हम रात के बचे चिकन को फ्रिज में रख देते हैं और उसे दूसरे दिन माइक्रोवेव में गर्म करके खाते हैं। लेकिन आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। दरअसल माइक्रोवेव में चिकन को दोबारा गर्म करने से उसमें मौजूद प्रोटीन की संरचना बदल जाती है जिसके कारण पेट संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं। अगर आप गर्म चिकन खाना पसंद करते हैं तो ध्यान रहे कि चिकन अच्छी तरह पका हुआ होना चाहिए।

अंडे

अंडे में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है लेकिन अंडे को माइक्रोवेव में गर्म नहीं करना चाहिए। एक स्टडी में पाया गया कि अंडे को माइक्रोवेव में गर्म करने से उसमें मौजूद प्रोटीन नष्ट हो जाता है। माइक्रोवेव में अंडे को दोबारा गर्म करने से वे विषाक्त हो जाते हैं जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

मशरूम

मशरूम में प्रोटीन भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। लेकिन मशरूम को माइक्रोवेव में गर्म नहीं करना चाहिए। मशरूम को दोबारा गर्म करने से उसमें मौजूद प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और इससे डायजेशन से संबंधी परेशानी भी हो सकती है। यही कारण है कि मशरूम को पकाने के बाद ही खा लेना चाहिए। मशरूम को माइक्रोवेव में गर्म करके खाना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

पालक

हरी पत्तेदार सब्जियाँ, खास तौर पर पालक को कभी भी दोबारा माइक्रोवेव में गर्म नहीं करना चाहिए। पालक में भरपूर मात्रा में नाइट्रेट पाया जाता है जो माइक्रोवेव में पालक को गर्म करने से नाइट्राइट्स नामक विषैले पदार्थ में बदल जाता है। इसलिए पालक को पकाने के बाद ही खा लेना चाहिए। माइक्रोवेव में पालक को गर्म करने से पेट व अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है।

चावल

अक्सर चावल ठंडे हो जाने पर हम उसे माइक्रोवेव में गर्म करके खा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि चावल को माइक्रोवेव में गर्म करके खाने से आप फूड पॉयजिनिंग से पीड़ित हो सकते हैं। हालांकि, चावल को गर्म करने से उसमें मौजूद बैसिलस सीरियस नामक बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं

लेकिन इससे जहरीले स्पोर्स पैदा हो सकते हैं जो स्वस्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। एक स्टडी में पाया गया कि चावल को माइक्रोवेव में गर्म करके खाने से दस्त, उल्टी और फूड पॉयजिनिंग की समस्या हो सकती है।

इन टिप्स से बढ़ेगी आपकी खूबसूरती, नहीं लेना पड़ेगा मेकअप का सहारा!

कहते हैं वो सुंदरता भी क्या जिसे दिखाने के लिए किसी कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना पड़े, क्योंकि असली सुंदरता बिना मेकअप की ही मानी जाती है जिसे नेचुरल ब्यूटी कहा जाता है। हालांकि, नेचुरल ब्यूटी न होने का कारण हमारे द्वारा ही बरती गईं लापरवाही होती है। जिस वजह से सुंदर दिखाने के लिए हमें तरह–तरह के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स का सहारा लेना पड़ता हैं। कुछ ऐसी भी लड़कियां हैं जो बिना मेकअप करें भी काफी सुंदर नजर आती हैं। इसके पीछे की वजह उनका डेली लाइफ रूटीन हो सकता है। दरअसल, रोजाना कुछ नियम को अपनाकर आप अपनी सुंदरता को काफी बढ़ा सकते हैं। इससे आपका चेहरा दाग–धब्बा मुक्त और चमकदार हो सकता है।

ब्यूटी एक्सपर्ट्स कहते हैं कि सुंदर दिखने के लिए जरूरी नहीं है की आप मेकअप का ही इस्तेमाल करें, क्योंकि इसके ज्यादा इस्तेमाल से चेहरे की नेचुरल ब्यूटी खत्म होने लगती है। अपने लाइफस्टाइल में कुछ आदतों को शामिल करने से आपको मेकअप की जरूरत ही नहीं पड़ती है। इसे लगाए बिना ही आप गजब की सुंदर और क्यूट नजर आने लगती हैं। वहीं, आज हम आपको इन्हीं कुछ अच्छी आदतों वाली टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको सुंदर बनाने में मददगार साबित हो सकती है, आइए जानते हैं...

ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं

पानी का ज्यादा सेवन करना न सिर्फ हमारे पेट को सेहतमंद बनाए रखने में मददगार साबित होता है बल्कि ये

हमारी सुंदरता भी बढ़ता है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स कहते हैं कि अपनी सुंदरता को बढ़ाने के लिए रोजाना खाली पेट पानी का सेवन करना चाहिए। इसके लिए दिन में जितना ज्यादा पानी पी सकें उतना ज्यादा पीएं। इससे शरीर में जमे विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और त्वचा पर निखार आना शुरू हो जाता है। इसके अलावा झुर्रियां और दाग–धब्बे भी कम होने लगते हैं. साथ ही त्वचा में नमी बनी रहती है।

चेहरे की मसाज करें

चमकदार चेहरा बनाने के लिए उसकी केयर करना भी काफी जरूरी है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले 5 से 10 मिनट तक अपने चेहरे की मसाज करें। इसके लिए आप एक अच्छी नाइट क्रीम या सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे नियमित तौर पर लगातार एक हफ्ते अपनाने से आपके चेहरे पर हो रही फाइन लाइन्स हट जाएगी। इसके साथ ही त्वचा चमकदार और कसाव वाली हो जाएगी।

ब्यूटी स्लीप लें

रोजाना करीब 8 घंटे की नींद लेना हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। इसलिए जो व्यक्ति सही नींद नहीं लेते हैं उनकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो जाते हैं और चेहरे की चमक गायब हो जाती है। इसके अलावा पूरा दिन आलस से भरा हुआ लगता है। ऐसे में 7 से 8 घंटे की ब्यूटी स्लीप लेना काफी जरूर है। जिस दिन से आप पूरी नींद लेने शुरू कर देंगे उसके अगल दिन से ही आपको खुद में फर्क नजर आने लगेगा। आप न केवल एक्टीव महसूस करेंगे बल्कि आपका चेहरा भी खिला–खिला और खूबसूरत दिखने लगेगा।

बालों को रखें खास ख्याल

व्यक्ति की खूबसूरती उसके चेहरे के साथ बालों से भी होती है। इसलिए जरूरी है कि आप अपने बालों का भी खास ख्याल रखें। बालों का साफ–सुथार रखें और अपने हेयर्स के मुताबिक उनकी केयर करें। इसके अलावा एक अच्छा हेयर कट करवाएं और बालों पर अच्छे शैम्पू का इस्तेमाल करें।

सही फिटिंग की ड्रेस पहनें

हमारा पहनावा भी हमारी खूबसूरती को बढ़ाता है। इसलिए जरूरी है कि आप कपड़े के मामले में एक अच्छी फिटिंग का खास ध्यान रखें। इसके साथ ही ऐसे रंग का चयन करें जो आप पर खिले। इसके अलावा अपने बॉडी शेप के अनुसार ऐसे कपड़े पहने जिसे पहनकर आप खुद में कॉन्फिडेंस महसूस करें।

जानिए क्या है बेहसेट्स सिंड्रोम और इसके लक्षण,

बेहसेट्स सिंड्रोम एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसकी वजह से शरीर में रक्त वाहिकाओं में सूजन आ जाती है। इससे शरीर के कई हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। ये एक ऐसा रोग है जिसके कई संकेत और लक्षण हो सकते हैं। इनमें आंखों में सूजन, मुंह में छाले, त्वचा पर चकत्ते, जननांगों में छाले, गठिया और दर्दनाक मुंह के घाव होना शामिल हैं। इसके कारण आमतौर पर रक्त के थक्कों, एन्यूरिज्म, मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी और अंधापन होने जैसी समस्याएं शामिल हैं, जिन्हें दवा की मदद से रोका जा सकता है। क्या हैं बेहसेट्स सिंड्रोम के लक्षण

त्वचा पर असर– त्वचा पर होने वाला घाव अलग–अलग तरह के हो सकते हैं। घाव विभिन्न हो सकते हैं। आमतौर पर ये घाव पैरों के नीचे हिस्से वाली त्वचा पर होता है, जोकि देखने में पीड़ायुक्त, लाल डेन और गांठदार घाव में जैसे होते हैं। वयस्कों में घाव मुहांसों की तरह होता है। इसे बच्चों में ज्यादा पाया जाता है।

मौखिक अल्सर– ये लक्षण 2ध्3 बच्चों में सबसे पहला पाया जाता है। बच्चों में ज्यादातर अलग–अलग छोटे मौखिक अल्सर दिखते हैं, ये आमतौर पर होने वाले मौखिक अल्सर की तरह ही है।

लैंगिक अल्सर– इस लक्षण को ज्यादातर पुरुष में देखा जाता है। लैंगिक अल्सर लिंग पर अंडकोष की थैली पर खास तौर पर मौजूद होते हैं। जहां ये व्यस्क पुरुष रोगियों में एक तरह के निशान छोड़ देते।

भतीजे आदिनाथ ने एकत्र कीं अस्थियां

मुंबई (भाषा)। स्वर कोकिला लता मंगेशकर के भतीजे आदिनाथ ने सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क से उनकी अस्थियां एकत्र कीं, जहां उनका पूरे राजकीय सम्मान के साथ कल अंतिम संस्कार किया गया था। सहायक नगर आयुक्त किरण दिघवकर ने बताया, 'हमने अस्थि कलश लता के भाई और संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर के बेटे आदिनाथ को सौंपा।' अस्थियां कहां विसर्जित की जाएंगी, इस बारे में अभी तक परिवार की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

आशा भोसले ने बहन लता के साथ गुजारे दिनों को किया याद

मुंबई (भाषा)। मशहूर गायिका आशा भोसले ने अपनी बड़ी बहन और स्वर कोकिला लता मंगेशकर के साथ बचपन में गुजारे दिनों को याद करते हुए उनके साथ अपनी बचपन की तस्वीर साझा की है। रविवार शाम को पूरे राजकीय सम्मान के साथ लता मंगेशकर के अंतिम संस्कार के बाद भोसले ने इंस्टाग्राम पर अपनी भावनाओं को साझा करते हुए तस्वीर डाली। इस तस्वीर में युवा नजर आ रहीं लता मंगेशकर ने बालों में फूल सजाया हुआ है और आशा भोसले उनके साथ बैठी हैं। अठासी वर्षीय भोसले ने लिखा, "बचपन के दिन भी क्या दिन थे। दीदी और मैं।" लता मंगेशकर का रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं।

लता मंगेशकर ने भाषा की बाधाओं को पार किया

चेन्नई (आईएएनएस)। अभिनेताराजनेता कमल हासन ने गायक लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने संगीत के माध्यम से भाषा की बाधाओं को पार किया था। अभिनेता ने रविवार देर रात ट्विटर पर दिग्गज को श्रद्धांजलि दी। कमल ने कहा कि लता मंगेशकर ने अपने संगीत का उपयोग करते हुए दिलों को मंत्रमुग्ध करने के लिए भाषा की बाधाओं को पार किया। अभिनेता ने इलैयाराजा, एसपी बालासुब्रमण्यम और लता मंगेशकर के साथ अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसे उनकी सुपरहिट फिल्म 'सत्य' के निर्माण के दौरान क्लिक किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में बालासुब्रमण्यम के साथ लता मंगेशकर ने 'वलाई ओसाई' गाना गाया था, जो सुपरहिट था और इस गाने को क्लासिक माना जाता है। इसे इसाईग्नानी इलैयाराजा की बेहतरीन रचनाओं में से एक माना जाता है।

लता दीदी से 20 मिनट की टेलीफोनिक बात अब भी याद है : शिवराज

मुख्यमंत्री चौहान ने ब्लॉग लिख कर किया याद

भोपाल (आईएएनएस)। सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर का मध्य प्रदेश से गहरा नाता था, उनका अपनों से जुड़ाव भी था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भी उनसे 20 मिनट की लंबी टेलीफोन पर बात हुई थी, जो उन्हें आज भी याद है। इस बातचीत और उनके भाव को चौहान ने अपने ब्लॉग में व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने अपने ब्लॉग में लिखा है, "लता दीदी का जाना विश्व संगीत जगत की अपूरणीय क्षति। यह मेरे लिए एक व्यक्तिगत क्षति है।" चौहान ने लता मंगेशकर से हुई टेलीफोन पर बातचीत का जिक्र करते हुए लिखा है, "वर्ष 2017 में मैंने नर्मदा सेवा यात्रा और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से संदेश पहुंचाने का आग्रह किया था। नर्मदा सेवा यात्रा को लेकर करीब 20 मिनट फोन पर बातचीत हुई थी।" चौहान के मुताबिक लता मंगेशकर ने नर्मदा सेवा यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की, प्रयासों की प्रशंसा की। बातचीत के दौरान मध्य प्रदेश और नर्मदा नदी को लेकर भावुक हो गई थीं। उन्होंने कहा था, नर्मदा यात्रा में शामिल होने की बहुत इच्छा रखती हूं, किंतु स्वास्थ्य मुझे इस बात की अनुमति नहीं दे रहा।

मुख्यमंत्री चौहान ने अपने ब्लॉग में कहा कि उनकी वाणी और शब्दों में जो अपनापन और स्नेहभाव था, वह मैं कभी भूल नहीं सकता हूं। उनकी आत्मीयता का वह अहसास मेरे लिए एक अमूल्य निधि हैं। लता दीदी मध्य प्रदेश की बेटी थीं, मध्य प्रदेश उनकी कर्मभूमि भले ही नहीं रहा, लेकिन उनका दिल हमेशा मध्य प्रदेश के लिए धड़कता था। चौहान ने लता मंगेशकर को मां सरस्वती का वरदान प्राप्त होने की बात करते हुए लिखा है, "एक महान सुरसाधक होने के साथ ही महान राष्ट्रभक्त थीं लता दीदी, उनकी राष्ट्रभक्ति, उनकी स्वरसाधना में हमेशा मुखरित होती रही। लता दीदी के बिना ये देश सूना है देश के गीत और संगीत सूने हैं, हर घर सूना है। हृदय घट सूना है। दीदी की कमी कभी कोई पूरा नहीं कर सकता। दीदी को गीतसंगीत की देवी मानकर दुनिया हमेशा पूजा करती रहेगी।" मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, लता दीदी भले ही हमारे बीच से चली गई लेकिन अपने गाये हुए हजारों गानों के माध्यम से दुनिया के दिलों में राज करती रहेंगी।

किडनी और लिवर 5 दिन में करें डिटॉक्स



कानपुर (एसएनबी)। किडनी और लिवर को डिटॉक्स करके पाचन संस्थान के पुराने से पुराने और मूत्र तंत्र से जुड़े हुए विभिन्न रोगों से छुटकारा पाना सहज हो जाता है। डॉ. रविंद्र पोरवाल जो देश के जानेमाने आयुर्वेदाचार्य हैं, श्रीनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय भगवतदास घाट रोड सिविल लाइंस कानपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उन्होंने किडनी और लीवर को डिटॉक्स करने के लिए बहुत ही सहज लेकिन अत्यंत लाभकारी उपाय बताया है।

'यह तैयारी पहले से जरूरी'

10 ग्राम कच्चा जीरा 10 ग्राम मोटी सौंफ 10 ग्राम अजवाइन 10 ग्राम दालचीनी और 10 ग्राम धनिया लेकर सभी को मोटामोटा कूट करके रख लें। पंसारी के यहां से बड़ा गोखरू और पुनर्नवा की जड़ लाकर दोनों जड़ी बूटी को कूट पीसकर बारीक पाउडर बनाकर अलग-अलग शीशियों में रख लें। बाजार से पाव भर कुलथी की दाल भी लेकर रख लें।

'3 दिन पूर्व की तैयारी'

लिवर और किडनी को डिटॉक्स करने के लिए 3 दिन पूर्व की तैयारी करनी चाहिए और 3 दिनों तक भोजन का त्याग कर केवल फलाहार करना चाहिए। यदि फल से पेट ना भरे तो दूध का सेवन किया जा सकता है। दूध और फल का सेवन करने के बीच कम से कम डेढ़ घंटे का फर्क होना चाहिए। ध्यान रखिए किसी भी स्थिति में दाल चावल सब्जी रोटी नहीं लेनी है। फलों में मौसम के सभी प्रकार के उपलब्ध फलों का अपनी स्वाद और शारीरिक जरूरत के अनुसार सेवन कर सकते हैं। ध्यान रखें कि एक बार में एक ही तरीके का फल सेवन करें। आप दिन में अनेक बार फलाहार कर सकते हैं।

'करें डिटॉक्स की शुरुआत'

3 दिन का फलाहार सेवन करके उपवास करने के बाद चौथे दिन प्रातः जीरा धनिया वाला 5 चीजों का जो पाउडर बनाया था, उसे आठ गिलास पानी में उबालने के लिए रख दें और धीमी आंच पर उबलने दें। जब पानी आधा जल जाए, उसे छानकर किसी बर्तन में रख लें। अब 10 ग्राम पुनर्नवा का पाउडर और 150 मिलीलीटर यह गरमगरम काढ़ा दो चम्मच शहद मिलाकर खाली पेट चाय की तरह घूंट घूंट करके पी लें। इसके 2 घंटे बाद तक कुछ भी ना खाएं। दो या तीन पतले गंदे बदबूदार दस्त आएंगे, जिनसे घबराना नहीं है। बीच में गुनगुना पानी या गुनगुने पानी में शहद डालकर पी सकते हैं। दोपहर 11:00 बजे के लगभग कुकर के स्थान पर भगोने में पकी हुई सौ ग्राम कुलथी की दाल में नींबू निचोड़ें और केवल सेंधा नमक डालकर यह दाल पतली-पतली पी लें। दाल पीने के बाद 10 ग्राम बड़े गोखरू का पाउडर एक गिलास पानी से पी लें। इसके बाद शाम तक कुछ भी नहीं खाना है। प्यास लगने पर नींबू दो चम्मच शहद और एक गिलास गुनगुना पानी दिनभर में कई बार भरपूर मात्रा में पी सकते हैं। दिन में कई बार पेशाब और पतला गंदा बदबूदार गैस के साथ या आव मरोड़ चिकनापन वाला दस्त लग सकता है। इससे ना तो कमजोरी आएगी, ना ही कोई दूसरी परेशानी होगी, बल्कि शरीर हल्का लगेगा। सायंकाल 4:00 बजे फिर से गर्म काढ़ा और पुनर्नवा का 10 ग्राम पाउडर लेकर दोबारा यही प्रयोग करें और शाम को 6:00 बजे पुनः सौ ग्राम कुलथी की दाल खाकर 10 ग्राम बड़े गोखरू का पाउडर ले लीजिए। दिन में गुनगुना करके मौसम के फलों का रस या भरपेट पपीता खाया जा सकता है। बीज निकालकर अमरूद का सेवन भी किया जा सकता है। बिना चीनी के ताजे बेल फल के गूदे का गुनगुने पानी में शरबत बनाकर भी लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी खाद्य पदार्थ नहीं लेना है। रात्रि में भूख लगने पर पपीता का सेवन कर सकते हैं।

डॉ. रविंद्र पोरवाल
आयुष मंत्रालय के बोर्ड सदस्य व विशेषज्ञ नेचुरोपैथ

'दूसरे दिन यह करें'

दूसरे दिन प्रातः खाली पेट और रात्रि को सोने से पूर्व आधा चम्मच पुनर्नवा के पाउडर के साथ एक गिलास गरम काढ़ा शहद दो चम्मच मिला करके पी लेना चाहिए। काढ़ा पीने के 1 घंटे बाद हल्का नाश्ता लें या तीन भाग मूंग की दाल और एक भाग चावल डालकर बिना मसाले की घी डालकर खिचड़ी खाएं। हरी सब्जी और चपाती का भी सेवन कर सकते हैं। दोपहर व रात्रि में खाना खाने के बाद 10 ग्राम गोखरू का काढ़ा पानी के साथ ले लें।

'सावधानी जरूरी है'

डिटॉक्स का 5 दिन का यह संकल्प का कार्य पूरी निष्ठा, श्रद्धा और विश्वास के साथ करना चाहिए। 5 दिनों में पानी खूब पीते रहना चाहिए किंतु चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, शराब, पान मसाला, बीड़ी, तंबाकू, सिगरेट, जंक फूड, फास्ट फूड से पूरी तरह परहेज रखें। सामान्य रूप से यह उपाय निरापद है और इससे किसी भी प्रकार की कोई अन्य तकलीफ नहीं होती किंतु यदि आप किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, मिर्गी, निम्न या उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, मधुमेह, लिवर सिरोसिस, कैंसर अथवा आज के युग में फैली हुई अनेकानेक घातक बीमारियों में से किसी घातक रोग से जूझ रहे हैं या किसी बीमारी की निरंतर दवाइयां बरसों से खा रहे हैं तो किसी अनुभवी आयुर्वेदाचार्य के मार्गदर्शन में ही यह उपाय करें।

ऐसे पूरी हुई लता व मेहदी हसन की एक साथ गाने की हसरत...

नई दिल्ली (भाषा)। एक शहंशाह ए गजल तो एक स्वर कोकिला। दोनों एक दूसरे के मुरीद, लेकिन साथ गाने की हसरत पूरी नहीं हो पा रही थी। फिर एक ने अपना गाना अमेरिका में रिकॉर्ड किया तो दूसरे ने मुंबई में और कुछ यूं बना मेहदी हसन और लता मंगेशकर का एकमात्र युगल गीत।

मेहदी हसन के बेटे कामरान मेहदी हसन ने लता मंगेशकर के निधन के बाद शिकागो से बातचीत में पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा, "मेरे वालिद (मेहदी हसन) लताजी के बहुत बड़े मुरीद थे और वह भी उनकी काफी इज्जत करती थीं। मुझे याद है कि 2007 में अपने इलाज के लिए जब वह भारत गए थे, तो लताजी ने उन्हें अपने घर पर खाने पर बुलाया था।" उन्होंने कहा, "यह उनकी आखिरी मुलाकात थी। करीब छह घंटे हम उनके घर पर रहे और लंबी बातचीत हुई। लताजी ने अपना निजी कैमरा मंगवाकर साथ में तस्वीरें खिंचवाईं।" उन्होंने कहा, "उनका निधन संगीत की दुनिया के लिए ऐसी क्षति है, जिसकी कभी भरपाई नहीं होगी। फिर कोई लता मंगेशकर नहीं होंगी और कोई मेहदी हसन नहीं होंगे। ये महान फनकार भले ही चले गए, लेकिन अपनी मौसिकी से अमर हो गए।" देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर का 92 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया, जबकि मेहदी हसन ने फेफड़ों की बीमारी से 12 साल तक जूझने के बाद कराची में 13 जून 2012 को आखिरी सांस ली थी।

एक दूसरे के प्रशंसक होने के बावजूद दोनों कभी साथ गाने की अपनी हसरत पूरी नहीं कर सके, लेकिन 2011 में आए एलबम 'सरहदें : म्यूजिक बियोंड बाउंड्रीज' में उनका एकमात्र युगल गीत 'तेरा मिलना बहुत अच्छा लगे है' आया।

- एक ने अपना गाना अमेरिका में रिकॉर्ड किया तो दूसरे ने मुंबई में और तब बना मेहदी हसन और लता मंगेशकर का एकमात्र युगल गीत
- मेहदी हसन के बेटे कामरान मेहदी हसन ने लता मंगेशकर के निधन के बाद शिकागो से बातचीत में पुरानी यादें ताजा करते हुए बताया

कामरान ने बताया, "दोनों एक दूसरे के साथ गाना चाहते थे। हमने 2004-05 में मेहदी हसन साहब की आवाज में ट्रैक लता जी को भेजा, जिसकी रिकॉर्डिंग लॉस एंजिलिस में मेरे स्टूडियो में की गई थी। उन्होंने अपने हिस्से की रिकॉर्डिंग मुंबई में की। बाद में दोनों की रिकॉर्डिंग के साथ म्यूजिक फिर से मुंबई में अरेंज किया गया और यह गीत बना।"

लता ने उस समय कहा था, "मेहदी साहब ने लंबी बीमारी के कारण गाना छोड़ दिया था। वह मेरे साथ गाना चाहते थे और उन्होंने मुझे दो तीन रिकॉर्ड किए हुए गीत भेजे जिनमें से तेरा मिलना एक था। हमने अलग अलग रिकॉर्डिंग करके दोनों को कंपाइल कराया और ऐसे हमारी साथ गाने की ख्वाहिश पूरी हुई। मुझे इसकी बहुत खुशी है।" यह अपवाद था जब लता ने यूं अलग रिकॉर्डिंग की, वरना वह हमेशा साथी गायक और संगीतकार के साथ रिकॉर्डिंग करना पसंद करती थीं। उन्होंने कहा था, "मुझे साथी गायकों और संगीतकारों के साथ अभ्यास करके रिकॉर्ड करना पसंद है। आजकल गायक अपना, अपना हिस्सा अलग गाते हैं जो मुझे अच्छा नहीं लगता।"

लता और मेहदी हसन साहब के बीच पहली मुलाकात कनाडा के टोरंटो में 1975 में हुई थी, लेकिन उसके बाद जब भी वह भारत आए, लता से मिले बिना नहीं गए। कामरान ने बताया, "1975 में मेहदी हसन साहब का कनाडा और अमेरिका का दौरा था। लताजी कनाडा में कार्यक्रम से पहले ग्रीनरूम में उनसे मिलने आईं, तो सम्मान के तौर पर कमरे के बाहर चप्पल उतारकर आईं। उसके बाद 1989 में मुंबई के दौरे पर फिर उनसे मुलाकात हुई और 2007 में आखिरी बार मिले।" उन्होंने बताया कि हसन साहब को कलाकारों में तुलना पसंद नहीं थी लेकिन एक बार किसी ने पूछा कि नूरजहां और लता में से वह किसे बेहतर गायिका मानते हैं तो उन्होंने कहा था, 'नूरजहां की गायिकी में पुख्तगी है तो लता की गायिकी में पाकीज़गी का अहसास है।'

काइली जेनर फिर बनीं मां

लॉस एंजेलिस (वार्ता)। अमेरिकी मॉडल, रिएलिटी टीवी स्टार और बिजनेसवुमन काइली जेनर के घर फिर से किलकारियां गूंजी हैं। उन्होंने अपने पार्टनर रैपर ट्रेविस स्कॉट के साथ सोमवार को अपनी जिंदगी में अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। कॉस्मेटिक्स बिजनेस की फाउंडर काइली ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर को ब्लू हार्ट ईमोजी के साथ कैप्शन '2/2/22' संग शेयर किया था। इस कैप्शन को देखते हुए पता चलता है कि बच्चे का जन्म बुधवार को हुआ है, क्योंकि कैप्शन में 2 फरवरी का जिक्र है और उन्हें बेटा हुआ होगा इस बात का भी अंदाजा लगाया जा सकता है क्योंकि कैप्शन को ब्लू हार्ट के साथ शेयर किया गया था।

काइली ने सोशल मीडिया पर अपने बच्चे की एक झलक दिखाई है। यह एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर है, जिसमें उनकी बेटी स्ट्रोमी वेबस्टर अपने भाई के नन्हें हाथ को पकड़ी हुई है। बच्चे के पिता और काइली के पार्टनर ने इस पर ब्लू और ब्राउन हार्ट के साथ कमेंट किया है, जबकि काइली की मां और उनकी बहनों ने भी कमेंट सेक्शन में ब्लू हार्ट ईमोजी के जरिए अपने प्यार और खुशी का इजहार किया है। काइली की मां क्रिस जेनर ने कमेंट कर लिखा, 'एंजेल पाई।' उनकी बहन किम करदाशियां ने भी एंजेल लिखने के साथ ब्लू हार्ट पोस्ट किया है। इस दौरान काइली के साझा पोस्ट के कमेंट सेक्शन में उनके चाहने वालों और प्रशंसकों से शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि काइली (24) और ट्रेविस (30) ने साल 2018 में अपनी बेटी स्टोर्मी का स्वागत किया था। अभी कुछ दिनों पहले ही 1 फरवरी को स्टोर्मी चार साल की हुई।

महिला लेखक पुरस्कार संबंधी शुरुआती सूची की घोषणा

12 उपन्यासों ने 'शी द पीपुल' संगठन द्वारा शुरू की गई महिला लेखक पुरस्कार संबंधी प्रारंभिक लंबी सूची में जगह बनाई

नई दिल्ली (भाषा)। चार अनुवादित कृतियों सहित 12 उपन्यासों ने 'शी द पीपुल' संगठन द्वारा शुरू किए गए महिला लेखक पुरस्कार संबंधी प्रारंभिक लंबी सूची में जगह बनाई है। इस लंबी सूची में जगह बनाने वाली किताबों में ए डेथ इन सोनागाछी (रिजुला दास), ए मिरर मेड ऑफ रेन (नाहीद फिरोज पटेल), सिस्टरहुड ऑफ स्वांस (सेल्मा कार्वाल्हो), द बेगम एंड द दास्तान (तराना हुसैन खान), द ब्लाइंड मैट्रिआर्क (नमिता गोखले), द इल्युमिनेटेड (अनिंदिता घोष), द वूमेन हू फॉरगॉट टू इन्वेंट फेसबुक एंड अदर स्टोरीज (निशा सुसान) और व्हाट वी नो अबाउट हर (कृपा जी) शामिल हैं।

सूची में जगह प्राप्त करने वाली अनुवादित कृतियों में ए रेडनेकड ग्रीन बर्ड (अंबाई, अनुवादक जीजेवी प्रसाद), बेबी डॉलः स्टोरीज (ग्रेसी, अनुवादक फातिमा ईवी), बुधिनी (सारा जोसेफ, अनुवादक संगीता श्रीनिवासन) और द लोनलीनेस ऑफ हीरा बरुआ (अरूपा पतंगिया कलिता, अनुवादक रंजीता बिस्वास) शामिल हैं। इसके तहत 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। अनुवादित कार्य के मामले में पुरस्कार राशि लेखक और अनुवादक के बीच समान रूप से साझा की जाएगी। लंबी सूची में शामिल रचनाओं की संक्षिप्त सूची इस महीने के अंत में जारी की जाएगी और विजेता की घोषणा मार्च में की जाएगी।

दिल्ली स्थित महिला मंच 'शी द पीपुल' द्वारा शुरू किया गया यह पुरस्कार भारत में रहने वाली भारतीय महिला लेखकों के लिए है। पुरस्कार के महत्व पर पुरस्कार संस्थापक शैली चोपड़ा ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें महिलाओं के लेखन को और अधिक पढ़ने एवं महिलाओं द्वारा बताई गई कहानियों को समझने तथा आत्मसात करने की आवश्यकता है।'

एकता के रियलिटी शो को होस्ट करेंगी कंगना रनौत



मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत एकता कपूर के रिएलिटी शो 'लॉक अप' को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लॉन्च इवेंट के दौरान दोनों के बीच एक दिलचस्प बातचीत होती है, जिसमें वे एक दूसरे से बात करते हुए इस शो की अवधारणा को सामने लाने की हिम्मत करते हैं और दर्शकों को यह स्पष्ट करते हैं कि प्रतियोगियों को साहसी कार्यों का सामना कैसे करना होगा।

कंगना ने कहा कि मैंने कई एफआईआर और समन का सामना किया है और हाल के दिनों में कई बार पुलिस स्टेशन का दौरा किया है, एकता मुझे बताओ, स्टेशन पर पुलिस से मिलने के लिए आप क्या करेंगी? बदले में एकता ने कंगना से पूछा कि क्या वह शो की होस्ट होने के नाते शो में अपने किसी राज का खुलासा करेंगी? जिस पर कंगना ने कहा कि वह शो के पहले एपिसोड में कुछ राज का खुलासा करेंगी।

शो में 16 सेलेब्रिटीज होंगे जिनके नाम की घोषणा जल्द ही आधिकारिक तौर पर की जाएगी। इन कंटेस्टेंट्स को जेल के अंदर बंद कर दिया जाएगा और रियलिटी शो में जमानत का कॉन्सेप्ट भी होगा। सूत्रों के मुताबिक शो में दिव्यांका त्रिपाठी, मानव गोहिल, हिना खान, श्वेता तिवारी, सुरभि ज्योति, उर्फी जावेद, आदित्य सिंह राजपूत, मल्लिका शेरावत, अनुष्का सेन, अवनीत कौर, चेतन भगत, हर्ष बेनीवाल, शहनाज गिल, वीर दास सहित अन्य हस्तियां नजर आएंगी। 'लॉक अप' 27 फरवरी से ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगा।

रानी चटर्जी ने कृष्णा अभिषेक के साथ किया नागिन डांस

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने मशहूर कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक के साथ नागिन डांस किया है, जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीवी अभिनेता और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक के साथ डांस करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। इस गाने में रानी और कृष्णा दोनों ही भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू के 'नाच रे पतरकी' गाने पर नागिन डांस करते नजर आ रहे हैं। रानी चटर्जी ने वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन दिया, "नाच रे पतरकी गाने पर कृष्णा अभिषेक के साथ खूब मस्ती की। वह भोजपुरी इंडस्ट्री में मेरे सबसे अच्छे दोस्त और कोएक्टर है।"

संजय दत्त ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त उद्योग में वीरता के स्वर्ण युग को वापस लाने के उद्देश्य से प्रोडक्शन कंपनी थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स लॉन्च कर रहे हैं। दत्त ने वैरायटी डॉट कॉम से कहा, 'हमारे पास जो था उसे वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं, जो दक्षिण भारतीय फिल्में अब कर रही हैं।' उन्होंने कहा, "जब हमने फिल्म उद्योग में प्रवेश किया, तो हमने वीरता, वीर भूमिकाओं, सामूहिक प्रेम और सब कुछ के साथ शुरुआत की और मैंने इसे रुकते हुए देखा और मैं इसे पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा हूं।"

संजय ने 1981 में 'रॉकी' के साथ शुरुआत की, एक ऐसे युग में जहां मुख्यधारा के भारतीय सिनेमा के प्रमुख पुरुषों को एक पूर्ण वीर पैकेज के रूप में लिखा गया था। आज हिंदी फिल्म उद्योग में वह शैली कम हो गई है या 'थोड़ा अंतर' आ गया है, जैसा कि दत्त ने वर्णन किया है। अभिनेता ने कहा, "डेनजेल वाशिंगटन और केविन कॉस्टनर और मेल गिब्सन हॉलीवुड में क्या कर रहे हैं, मुझे लगता है कि यहां थोड़ा अंतर गायब है। मैं उस उम्र के नायक के उस अंतर को वापस पाने की कोशिश कर रहा हूं, जो प्रदर्शन कर सकता है और कौन लड़ सकता है और कौन अपने अधिकारों के लिए खड़ा हो सकता है।" उन्होंने कहा, "स्वर्ण युग-यह बस मर नहीं सकता। यहां तक कि अगर आप हॉलीवुड को देखते हैं, तो यह वहां और दक्षिण में मौजूद है। मुझे नहीं पता कि बॉलीवुड के साथ क्या हुआ। लेकिन यही हम वे वीरता के दिन वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं।"

थ्री डायमेंशन एक स्लेट तैयार कर रहा है जिसमें हॉररकॉमेडी 'द वर्जिन ट्री' शामिल है, जिसका निर्देशन सिद्धांत सचदेव करेंगे और चार नए कलाकारों के साथ अपने फीचर की शुरूआत करेंगे। इनके पास टीवी, संगीत वीडियो और सहायक अनुभव है। प्रिंसिपल फोटोग्राफी मई में शुरू होगी। दत्त कहते हैं, "मैं उन सभी में नहीं, बल्कि उनमें से कुछ में अभिनय करूंगा।" उन्होंने कहा, "मैं निर्माता के रूप में आराम करना चाहता हूं, उद्योग में रहने के 40 साल बाद - इसके दूसरी तरफ सेट पर हूं। यह मेरे लिए एक अनुभव होगा, मैं उस कुर्सी पर पहले कभी नहीं रहा हूं। मैं इसके लिए तत्पर हूं।"

अब प्रदेश में त्योहार से पहले नहीं लगता कर्फ्यू, बेटियां घूमती हैं सुरक्षित : योगी

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा की जनसभा में सपा-रालोद गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ अपने पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। कहा- समाजवादी सरकार में दंगे, बेटियों के साथ छेड़छाड़ होती थी। अब प्रदेश वही है लेकिन पांच साल में स्थिति बदल गई है। पिछली सरकार में 700 दंगे हुए और 2017 से 2022 तक एक भी दंगा नहीं हुआ। अब बेटियां स्कूल जाती हैं, शोहदे बाहर निकलने में डरने लगे हैं। पहले त्योहार से पहले कर्फ्यू लग जाता था, अब तो कोरोना भी कर्फ्यू नहीं लग रहा क्योंकि, आप कांवड़ यात्रा में विश्वास रखते है। सीएम ने कहा कि अगर सर्वेश सिंह सांसद होते तो एसटी हसन और शफीकुर रहमान बर्क तालिबान का समर्थन करने की हिम्मत नहीं करते।किसी की हिम्मत नहीं की बेटी को छेड़ सके, त्योहार से पहले कर्फ्यू भी भूल जाइए। पहले आतंकवादी बम फेंकते थे, अब कावड़ियों का हर हर महादेव,

बोल बम बम होता है। फूल बरसते हैं। रालोद वाले अजीत सिंह ने कहा था कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा, समझो उसमें बैठा कोई गुंडा, ये लोग तो लूटने वाले हैं। आज वही सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही है। इन पर आप कैसे विश्वास कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकट में देश के लिए कार्य किया फ्री वैक्सिन दी। सपा वाले तमंचे की फैक्ट्री लगाते थे हम तोप की फैक्ट्री लगा रहे हैं। जब हमारा जवान उस तोप को लेकर जायेगा, तो पाकिस्तान का दिल बैठ जाएगा। कोई भी भारतीय ऐसा नहीं जो अपनी बेटी की शादी में पीतल के बर्तन न देता हो। सपा बसपा सरकार ने ऐसा कर दिया था कि अब बेटियों की शादी में पीतल के बर्तन नहीं दे पा रहे थे। हमने मुरादाबाद को पीतल की चमक लौटा दी।

समाजवादी पार्टी की सरकार में जनता का पैसा लूटकर इत्र वाले मित्र के घर जाता था। उन इत्र वाले मित्र के लिए हम बुलडोजर लेकर आए हैं। बुलडोजर चलता रहे तो अजय प्रताप सिंह को जिताएं। सर्वेश सिंह आज मंच से अजय प्रताप को समर्थन देने आए हैं। हमने कहा कि ठाकुरद्वारा की सीट जितवा दो आपके लिए फिल्म सिटी बनवा रहे हैं। अब आप कुछ दिन फिल्म में भी काम कीजिए।

10 मार्च को बदल जाएगा समाजवादी पार्टी का नाम, हो जाएगा समाप्त पार्टी : केशव प्रसाद मौर्य

रामपुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 10 मार्च को 11 बजे उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी का नाम बदलकर समाप्त वादी पार्टी रखने वाली है। 100 में से 60 हमारा है, 40 में भी बंटवारा है और बंटवारे में भी हमारा हैं। हमने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है। भाजपा की सरकार उत्तर प्रदेश के लोगों की सुरक्षा की गारंटी है। सपा गठबंधन खतरे की घंटी है। उपमुख्यमंत्री ने सोमवार को मिलक विधानसभा क्षेत्र के शाहबाद रामलीला मैदान में सभा को संबोधिया किया। इसके बाद बिलासपुर क्षेत्र के रठौंडा में हुई जनसभा में पहुंचे। शाहबाद में विधायक राजबाला के लिए तो रठौंडा में राज्यमंत्री बल्देव सिंह औलख के लिए वोट मांगे। इस दौरान कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में जो दंगा कराने का काम करता था, उसकी हेकड़ी निकालने का काम भाजपा ने किया है। आज वह जेल में पड़ा है। भाजपा की सरकार बनने के बाद रामपुर समेत पूरे प्रदेश में किसी गुंडे ने मुंह उठाने की कोशिश नहीं की है। सपा की सरकार में पुलिस आजम खां की भैंस को खोजने में पुलिस लगी रहती थी, लेकिन भाजपा की सरकार में इसी

पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसा। अब उत्तर प्रदेश में 400 सीटों का सपना देखने वाले रामपुर की सीट बचाने की कोशिश करें। जब वह रामपुर नहीं जीत सकते मैनपुरी नहीं जीत सकते तो 2017 की तरह 47 संख्या पार नहीं कर सकते। हमने गुंडागर्दी खत्म करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का विकास किया है। सपा ने बड़े बड़े अपराधियों को टिकट दिए हैं। बोले लक्ष्मी जी साइकिल, हाथी, हाथ के पंजे पर बैठकर नहीं आती हैं। वह कमल के फूल पर बैठ कर आती हैं। इसलिए सबको अपने बूथों पर कमल का फूल खिलाना है। बोले जो भाजपा की सरकार ने पांच वर्षो में किया है। सपा, बसपा की सरकार ने 15 वर्षो में भी नहीं किया है। एक तरफ राम मंदिर बन रहा है, दूसरी ओर बाबा विश्वनाथ कारिडोर बन गया, तीसरी ओर जम्मू कश्मीर से धारा 370 का भी अंत हो गया। इससे पूर्व कार्यकताओं ने उनका फूल मालाएं पहनाकार स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी राजबाला, दिलीप लोधी, सुरेश बाबू गुप्ता, विवेक पांडेय, केपी सिंह, संजय चौधरी, सुशील फोजी, प्रवीण शर्मा, अमित चन्द्रवंशी, मंजू लता शर्मा, रवींद्र सिंह रवि आदि मौजूद रहे।

गोरखपुर से सीएम योगी के खिलाफ भीम आर्मी के चंद्रशेखर ने किया नामांकन, बोले- मेरी जीत पक्की

गोरखपुर। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर गोरखपुर शहर विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध पर्चा दाखिल किया। चंद्रशेखर भीम आर्मी के सह संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के उत्थान के लिए काम करने का दावा करने वाले चंद्रशेखर ने उस समय गोरखपुर से चुनाव लड़ने की घोषणा की थी जब भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शहर विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया था। चंद्रशेखर का दावा है की इस चुनाव में उनकी स्थिति मजबूत है और वह जीत दर्ज करेंगे। समर्थकों के साथ चंद्रशेखर कलेक्ट्रेट के पास तक पहुंचे लेकिन सभी समर्थकों को बाहर ही रोक दिया गया। परिसर में उन्हें व प्रस्तावकों को ही प्रवेश मिला। इससे पहले चंद्रशेखर पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर नामांकन किया। इसके बाद चंद्रशेखर पूर्वोत्तर रेलवे एससी एसटी इम्प्लाइज एशोसिएशन के कार्यालय पर जाएंगे। चंद्रशेखर पहली बार किसी चुनाव मैदान में हैं। आजाद समाज पार्टी बनाने के बाद उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। मूल रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से के निवासी चंद्रशेखर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हितों को लेकर लड़ाई शुरू की। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की कोशिश उनके द्वारा की गई लेकिन बात नहीं बनी।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं, अभी जेल में ही रहना होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में रामपुर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आजम खां को अभी भी जेल में रहना होगा। उनको सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देने से मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया कि वह इस मामले की सुनवाई करने की इच्छुक ही नहीं है। आजम खां को अंतरिम जमानत देने के लिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो मामले की सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। आजम खां तो इलाहाबाद हाईकोर्ट जाकर जल्द सुनवाई की मांग कर सकते हैं। कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि हम हाईकोर्ट भी गए थे। हमने तीन बार जल्द सुनवाई की मांग की, लेकिन महीनों से सुनवाई नहीं हुई है। आजम खां के खिलाफ फर्जी केस दर्ज हैं। उन्होंने कुछ भी नहीं किया है, लेकिन करीब दो वर्ष से जेल में हैं। उनके खिलाफ रातों-रात 25 एफआइआर दर्ज की गई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार

में कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां समाजवादी पार्टी से रामपुर से सांसद हैं। उनको पार्टी ने रामपुर से विधानसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी ने आजम खां के साथ उनके बेटे अब्दुल्ला को प्रत्याशी बनाया है। अब्दुल्ला ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है जबकि आजम खां ने चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए कोर्ट से अंतरिम जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई है। रामपुर में फजीर्वाड़े और भूमि पर अवैध कब्जे के आरोपों में आजम खां करीब दो वर्ष से सीतापुर जेल में बंद हैं। आजम खां ने अपनी याचिका में कहा है कि उनके खिलाफ मुकदमों में कार्रवाई की रफ्तार काफी मंदी चल रही है। इसके पीछे कोई बड़ी राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया विधान सभा चुनाव में हिस्सा लेने के लिए उनको अंतरिम जमानत मिलनी जरूरी है। आजम खां के खिलाफ 87 केस दर्ज हैं। इनमें से 83 में उनको जमानत मिल चुकी है। तीन मामलों में उन्हें जमानत मिलनी है।

मुजफ्फरनगर में निकाह का झांसा देकर सामूहिक दुष्कर्म, जान से मारने की दी धमकी

मुजफ्फरनगर। निकाह का झांसा देकर तीन दोस्तों ने मिलकर एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मां संग थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि छह माह पूर्व बेटी बिना बताए घर से चली गई थी। किसी तरह घर लौटकर आई बेटी ने बताया कि एक आरोपित ने निकाह करने के बहाने से उसे बुलाया था और थाना क्षेत्र के एक गांव में रखा। आरोपित ने शादी का झांसा देकर बेटी से दुष्कर्म किया। आरोपित के दो अन्य दोस्तों ने भी जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट- लक्सर हाइवे पर बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद पथराव हो गया। सूचना पर पहुंची दो लोगों को पकड़कर थाने लाई। मोरना अड्डे के पास सोमवार दोपहर बाइक खड़ी करने को लेकर पड़ोसी दुकानदारों में

कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। एक पक्ष द्वारा फेंकी गई ईंट कंधें में लगने से बुजुर्ग घायल हो गया। पुलिस एक पक्ष से बुजुर्ग और दूसरी ओर से युवक को पकड़कर थाने ले आई। दोनों ओर के जिम्मेदार लोगों की भीड़ थाना परिसर में जुट गई। लोग फैसला कराने के प्रयास में जुटे थे।

एनकाउंटर मामले में 14 साल बाद एसओजी प्रभारी दोषमुक्त

मैनपुरी। जनपद में तैनात स्वॉट/साइबर सेल प्रभारी विक्रम सिंह व उनकी टीम को वर्ष 2007 में अयोध्या में हुए एक एनकाउंटर के मामले में अदालत ने दोषमुक्त करार दिया है। मुठभेड़ में कलुआ गैंग का शातिर अपराधी सुग्रीव मारा गया था। मृतक के परिजन ने प्रभारी व टीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला सीजेएम (अयोध्या) की कोर्ट में चल रहा था।छह दिसंबर 2007 को अयोध्या में हलकापुरवा के पास एसओजी प्रभारी विक्रम व उनकी टीम की कलुआ गिरोह के सुग्रीव सिंह निवासी अलादादपुर से मुठभेड़ हो गई थी। एनकाउंटर में सुग्रीव की गोली लगने से मौत हो गई थी। मृतक के पिता राम निवास ने सात जून 2008 को एसओजी प्रभारी विक्रम सिंह उनकी टीम के सिपाही संजय द्विवेदी, जगदंबा, मनीष, अनिल कुमार, विजय प्रकाश व नियाज अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।मामला करीब 14 साल तक सीजेएम की कोर्ट में चला।

कांग्रेस प्रत्याशी इकराम कुरैशी जनसभा में रो पड़े सपा से टिकट कटने पर कांग्रेस में हुए थे शामिल

मुरादाबाद। कल भी सलामत रखा था, फिर आज सलामत रख लेना। इनके सिर की टोपी इनका ताज सलामत रख लेना, मेरे मुरादाबाद के लोगों इतनी गुजारिश करता हूं। हाजी जी की मूंछों की लाज रख लेना। अपनी बात की शुरूआत शायराना अंदाज से करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने मुरादाबाद देहात विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी हाजी इकराम कुरैशी के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। बोले अखिलेश यादव ने हाजी जी को जलील करने की कोशिश की है। इसका बदला मुरादाबाद की जनता लेगी। सोमवार की शाम दीवान का बाजार मोती बाग में हुई जनसभा में उन्होंने अहले सुन्नी कार्ड खेलते हुए कहा कि कल रात मैं सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और सभी कांग्रेस नेताओं की ओर से अजमेर शरीफ में हजर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में चादर पेश करके आया हूं। यह बुजुर्गों के प्रति आदर है। उनके भाषण में लोकसभा चुनाव की हार की टीस भी नजर आई। वह बोले, मैं डरा

नहीं थका नहीं। मैं हर समय आपके साथ खड़ा रहा। मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी के चार चार एमएलए रहते हैं। लेकिन, कोई आवाज उठाने नहीं उठाता है। सपा सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सांसद महोदय अपने बेटे का चालान कटवा सकते हैं तो आवाम का चालान कैसे रुकवाएंगे। मुझे मुरादाबाद के लोगों ने मुहब्बत तो बहुत दी लेकिन, वोट कम दिया। आपने खामोश इंसान को जिता दिया। मोती बाग के लोगों दौलत आपको खरीद नहीं सकती है। हाजी इकराम कुरैशी वो मर्दे मुजाहिद हैं। जिन्होंने आवाम के काम किए। इसके बाद उन्होंने कहा कि आंधियों को जरा खबर कर दो, शेर पलटकर आएगा। हमारे देहात विधानसभा प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ जीतेंगे। इतना सुनने के बाद प्रत्याशी फफक कर रो पड़े। देहात विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी हाजी इकराम कुरैशी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने 28 साल तक पार्टी को सींचा लेकिन, आज अखिलेश यादव और रामगोपाल यादव ने आरएसएस के हाथों पार्टी को बेच दिया है।

हनुमान मंदिर के पास एक साथ 6 अजगर देख लोगों में हड़कंप

मुथरा। मथुरा के थाना नौहझील के गांव रायपुर में हनुमान मंदिर के पास लोग तब सकते में रह गए, जब मिट्टी के टीले पर 6 अजगर सांप एक साथ देखे गए। इन्हे देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते वहां पर काफी लोग इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने सांपों का मुंह बांधना शुरू कर दिया, तो वहीं कुछ लोगों ने सांपों का वीडियो बनाया। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। लोग के बीच में चर्चा बनी हुई है कि एक साथ एक-दो नहीं बल्कि छह-छह सांप टीले में मौजूद थे। सबसे हैरान करने वाली बात यह भी है कि इसी टीले पर महिलाएं और बच्चे मिट्टी लेने जाते थे। इसके अलावा वहीं पास में ही अक्सर बच्चे खेला करते थे। हालांकि इन लोगों ने शुक्र मनाया कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और अजगरों ने किसी को अपना निवाला नहीं बनाया। लोगों ने इन सांपों को बांधकर वन विभाग की टीम को सूचना दे दी।

जौनपुर में मड़ियाहूं से सपा का टिकट न मिलने पर पूर्व विधायक ने अपनाए बगावती तेवर

जौनपुर। बलिया जिले में बैरिया विधानसभा सीट पर भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह का टिकट कटने के बाद उठा बवाल शांत भी नहीं हुआ था कि बगावत की आंच दूसरे दलों तक भी पहुंच गई। इसी कड़ी में जौनपुर जिले की मड़ियाहूं विधानसभा सीट को लेकर समाजवादी पार्टी नेता श्रद्धा यादव ने विरोध का रुख अख्तियार करते हुए पार्टी के खिलाफ बगावती तेवर अपना लिया है। इस मामले को लेकर मंगलवार को जिले में काफी सरगर्मी बनी रही। मड़ियाहूं से सपा की पूर्व विधायक श्रद्धा यादव ने समाजवादी पार्टी से टिकट न मिलने पर बगावती तेवर अपना लिया है। मंगलवार को पूर्व विधायक के आवास पर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। जहां श्रद्धा यादव तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं के नारे गूंजे। पूर्व विधायक श्रद्धा यादव ने कहा कि समर्थकों तथा मड़ियाहूं विधानसभा की जनता कहेगी तो वह किसी भी पार्टी या निर्दल चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हैं। कहा कि 2012 के चुनाव में मड़ियाहूं विधानसभा जीतकर मैंने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में सहयोग किया था 2017 की चुनाव में चुनाव हारी, परंतु क्षेत्र की जनता के बीच लगातार पांच वर्षों तक उनके दुख-सुख में साथ रही। कुछ दिन पहले ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुई मुंगराबादशाहपुर से बसपा विधायक सुषमा पटेल को मड़ियाहूं विधानसभा से टिकट दिए जाने से समाजवादी पार्टी के समर्थकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। श्रद्धा यादव ने अपना राजनीतिक सफर 1995 में ब्लाक प्रमुख से प्रारंभ किया। 2004 में मड़ियाहूं विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया और वह विजयी हुईं। 2007 में समाजवादी पार्टी ने लकी यादव को टिकट दिया तो पूर्व विधायक ने निर्दलीय ताल ठोंका, परंतु दूसरे नंबर से संतोष करना पड़ा। 2012 में श्रद्धा यादव ने बसपा की सावित्री देवी को पराजित करके विधानसभा पहुंचीं। 2017 में भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) प्रत्याशी डा. लीना तिवारी से पराजित हुईं।

गाजियाबाद में भोजपुरी एक्टर रविकिशन ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में किया रोड शो

गाजियाबाद। भोजपुरी अभिनेता व सांसद रविकिशन ने गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है। रविकिशन ने कहा कि भाजपा पिछले चुनाव से भी अधिक 325 सीट के साथ प्रदेश में दोबारा सरकार बना रही है। सपा और रालोद के खाते में 40 से 45 सीटें आएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब और राष्ट्र की पार्टी है। मोदी और योगी के जनहित व राष्ट्र से जुड़े कार्य के बारे में पूरा देश जानता है और उत्तर प्रदेश की जनता पहले से भी अधिक प्यार और आशीर्वाद देकर योगी आदित्यनाथ को दोबारा मुख्यमंत्री बनाएगी। रोड शो के दौरान रवि किशन ने भाजपा के लिए बनाए अपने प्रचार गीतों से युवाओं में जोश भरा। रोड शो में भीड़ देखकर गदगद हुए रवि किशन बोले, विरोधियों देख लो यह भीड़ कोई पैसे देकर नहीं बुलाई है। रोड शो बसपा प्रत्याशी केके शुक्ला के कार्यालय के सामने से निकला तो यहां बसपाई बड़ी संख्या में झंडा लहराने लगे।

चुनाव पूर्व प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम द्वारा किया गया निरीक्षण

मऊ। विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारियो एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को जनपद मुख्यालय स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में प्रारम्भ हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर स्थित वैक्सिनेशन सेण्टर एवं सैम्पलिंग सेण्टर पर उपस्थित वैक्सिनेशन एवं सैम्पलिंग टीम से वैक्सिनेशन एवं सैम्पलिंग की जानकारी ली गयी। साथ ही प्रशिक्षण प्रभारी को निर्देश दिये कि सर्दी, जुखाम, खासी, बुखार आदि लक्षणयुक्त सभी प्रशिक्षणार्थियो की सैम्पलिंग अवश्य करायें। जिन चुनाव कर्मिकों को द्वितीय डोज एवं बुस्टर डोज अभी तक नही लगा है उनको द्वितीय डोज एवं बुस्टर डोज अवश्य लगवा दे। प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में जाकर प्रशिक्षणार्थियो से संवाद किया एवं प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारियो को साझा किया। उन्होने सभी मास्टर ट्रेनर को निर्देश दिये कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को डेमो दिखाकर ही प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण से सम्बन्धित सभी

महत्वपूर्ण बिन्दुओ की एक बुकलेट सभी प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने प्रशिक्षण ले रहे सभी कार्मिको से कहा कि चुनाव हेतु प्रस्थान से पूर्व ई0वी0एम0 मशीनों को जॉच परख लें, मशीन खराब होने की स्थिति में सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट को सूचित करें, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या 12 में प्रशिक्षणार्थियों की कम उपस्थिति होने पर, उपस्थिति पंजिका मंगाकर उपस्थिति जॉच करने के निर्देश दिये साथ ही अनुपस्थित पाये जाने वाले प्रशिक्षणार्थियो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आशुतोष बहादुर सिंह प्रधानाध्यापक जमुनीपुर दोहरीघाट द्वारा प्रशिक्षण में रूची न लेने एवं प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी सवाल का संतोषजनक उत्तर न देने पर जिलाधिकारी द्वारा इनको निलम्बित करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर मुख्य विकास राम सिंह वर्मा, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मेघईखास गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

बलरामपुर (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के मेघईखास गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितयों में किसान की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्वजन ने अपने रिश्तेदार पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस विधिक कारवाई में जुट गई। मेघई खास गांव निवासी परमहंस यादव (65) अविवाहित थे। घर पर अकेले रहते थे। खेती-बारी ज्यादा होने के कारण मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के गोड़सर गांव निवासी एक रिश्तेदार आता-जाता था। मृतक के भतीजे हरिकेश ने गोड़सर गांव निवासी रिश्तेदार पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बताया कि रविवार को दिन में वह चाचा के घर आया था और रात को घर पर रुका भी था। चाचार रात को खाना खाकर सो गए और सोमवार की सुबह चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े थे। ग्रामीणों की मदद से हम लोगों को सूचना मिली तो देखा कि मुंह से खून निकल रहा था। जीयनपुर कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि मौत की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

साई कालेज आफॅ फामेर्सी में स्वर-कोकिला लता मंगेशकर को दी गई श्रृद्धांजलि

मऊ। इन्दु प्रकाश फामेर्सी कालेज हलधरपुर, व साई कालेज आफॅ फामेर्सी मऊ में लता मंगेशकर के निधन पर दुख जताया गया। कालेज के प्रबधंक अखिलेश राय ने बताया कि ह्यभारत रत्नह्य से सम्मानित स्वर-कोकिला लता मंगेशकर ने 92 वर्ष की उम्र में मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। स्वर-कोकिला और भारत रत्न लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को इंदौर के मराठी परिवार में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के घर हुआ। इनके पिता रंगमंच के कलाकार और गायक भी थे इसलिए संगीत इन्हें विरासत में मिला। लता मंगेशकर ने केवल हिंदी भाषा में 1,000 से ज्यादा गीतों को अपनी आवाज दी थी।

उन्हें साल 1989 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। साल 2001 में लता मंगेशकर को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यभारत रत्नह्य दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य ब्रिजेश दुबे, सुनिल चैधरी, अशजद कमाल, अखिलेश सिंह, सतेन्द्र यादव, अविनास पाण्डेय, साधना, फातिमा फिरदौस, पीयूष, विवेक पाण्डेय, रिया सिंह, अंजली, मनीष कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।

दूसरे वनडे के लिए भारतीय टीम से जुड़े केएल, मयंक व सैनी

प्रैक्टिस सेशन में बहाया पसीना, चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 9 फरवरी को खेला जाना है। इससे दो दिन पहले भारतीय टीम के साथ तीन खिलाड़ी जुड़ गए हैं, जो अभी तक पहले वनडे इंटरनेशनल मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे।

इनमें से एक खिलाड़ी कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया था, जबकि एक खिलाड़ी ओपनर के तौर पर टीम के साथ जुड़ा था, क्योंकि शिखर धवन और रुतुराज गायकवाड़ कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। वहीं, एक खिलाड़ी को दूसरे वनडे मैच से पहले टीम के साथ जुड़ना था। दरअसल, दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम के साथ ओपनर केएल राहुल, मयंक अग्रवाल और नवदीप सैनी जुड़ गए हैं। केएल राहुल पहले वनडे मैच के बाद टीम इंडिया के साथ जुड़ने के लिए उपलब्ध होंगे, इसकी जानकारी बीसीसीआई ने टीम के चयन के दौरान दी थी। वहीं, मयंक अग्रवाल को कोरोना रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम के साथ जोड़ा गया था। वहीं, नवदीप सैनी रिजर्व का हिस्सा थे, जो अब लगातार दो आरटी-पीसीआर टेस्ट में नेगेटिव पाए जाने के बाद टीम इंडिया के हिस्सा बन चुके हैं और प्रैक्टिस शुरू कर दी है। बीसीसीआई ने सोमवार की शाम को केएल राहुल, मयंक अग्रवाल और नवदीप सैनी की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर की हैं और कैप्शन में लिखा है कि इन तीन खिलाड़ियों ने टीम इंडिया को ज्वॉइन कर लिया है और प्रैक्टिस सेशन में पसीना बहाना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि केएल राहुल दूसरे वनडे मैच की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे, लेकिन ये देखना भी दिलचस्प होगा कि कौन सा खिलाड़ी बाहर बैठेगा। पहले मैच में रोहित शर्मा के साथ ईशान किशन ने ओपनिंग की थी तो क्या ईशान किशन बाहर बैठेंगे या फिर कोई और खिलाड़ी बाहर बैठेगा।

विजडन ने घोषित की सर्वकालिक भारतीय वनडे एकादश

नई दिल्ली। क्रिकेट की बाइबल कही जाने वाली फेमस मैग्जीन विजडन ने भारत की सर्वकालिक वनडे इंटरनेशनल टीम का चयन किया है। इस वनडे एकादश में कोई नाम चौंकाने वाला नहीं है, लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि भारत के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को विजडन ने इस टीम का कप्तान नहीं चुना है। विजडन की इंडिया की ऑल-टाइम एकादश टीम में एमएस धोनी का नाम है, लेकिन वे इस टीम के विकेटकीपर हैं। विजडन ने ओपनर के तौर पर रोहित शर्मा के साथ सचिन तेंदुलकर को रखा है। वीरेंद्र सहवाग का नाम इस प्लेइंग इलेवन में नहीं है। नंबर तीन पर सौरव गांगुली को रखा गया है, जबकि चार पर विजडन ने रन मशीन विराट कोहली को रखा है। बल्लेबाजी क्रम में पांचवें नंबर पर पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह हैं, जिन्होंने देश को कई दर्जन मैच मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए जिताए हैं। छठवें नंबर पर फिनिशर के रूप में एमएस धोनी हैं।

सर्वकालिक वनडे एकादश

रोहित शर्मा, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, विराट कोहली, युवराज सिंह , एमएस धोनी (विकेटकीपर), कपिल देव (कप्तान), हरभजन सिंह, जहीर खान, अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ।

भारतीय टीम में वापसी के लिए फिनिशिंग कौशल निखार रहे कार्तिक

दिनेश कार्तिक अपने मित्र और मार्गदर्शक अभिषेक नायर के मार्गदर्शन में मुंबई में जमकर पसीना बहा रहे हैं जिससे कि टी20 प्रारूप में अपने फिनिशिंग कौशल को निखार सकें। कार्तिक ऐसा आईपीएल नीलामी करीब होने के कारण नहीं कर रहे। भारत की ओर से आखिरी बार 2019 एकदिवसीय विश्वकप सेमीफाइनल में खेलने वाले 36 साल के कार्तिक तीन-चार साल और खेलना चाहते हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर प्रतिबद्ध हैं। कार्तिक भारत के लिए खेलने को लेकर पहले की तरह प्रतिबद्ध हैं और साथ ही चाहते हैं कि उनके छह महीने के जुड़वां बेटे अगले कुछ वर्षों में उन्हें शीर्ष स्तर पर खेलता हुआ देखें। कार्तिक ने कहा, टी20 मेरे लिए शुरुआत की तरह होगा। मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में मैं छाप छोड़ने का प्रयास कर सकता हूं। विश्व कप के बाद सीमित ओवरों के प्रारूप की टीम से बाहर होने से पहले कार्तिक ने टी20 में फिनिशर की भूमिका में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था और इस दौरान 2018 निदाहस ट्रॉफी के फाइनल में आखिरी ओवर में उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने खिताब जीता था। भारत ने सीमित ओवरों के प्रारूप में मध्यक्रम में खिलाड़ियों को आजमाना जारी रखा है और ऐसे में कार्तिक को अपने लिए मौका नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर आयु ऐसी चीज नहीं है जिसे भारतीय टीम में वापसी के दौरान देखा जाता है। कार्तिक का मानना है कि छोटे प्रारूप में उम्र के साथ खिलाड़ी बेहतर होता है। उन्होंने कहा, लोग अपने शरीर को समझते हैं, वे कितना क्रिकेट खेल सकते हैं। कार्तिक ने कहा, कई देशों के टूर्नामेंट में अनुभवी काफी महत्वपूर्ण पहलू होता है। पिछले कुछ समय में हुए ऐसे टूर्नामेंट में आप यह देख सकते हैं। नायर के साथ विशिष्ट रूप से टी20 की ट्रेनिंग के बारे में कार्तिक ने कहा कि वह पारी की शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन करने के कौशल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हर टूर्नामेंट के बाद हम बैठकर पुनः आकलन करते हैं।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीसीबी को दिया झटका

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ रमीज राजा ने एक प्रस्ताव रखा था कि भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 नेशन टी20 सुपर सीरीज खेली जाए, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा कि इसके आयोजन की संभावना कम है। रिपोर्ट के अनुसार जय शाह ने कहा कि दुनिया भर में क्रिकेट निकायों के प्रमुखों का हित क्रिकेट के खेल के विस्तार पर होना चाहिए। रमीज राजा ने कहा था कि वह आईसीसी को 4 नेशन टूर्नामेंट का प्रस्ताव देंगे और इस तरह के टूर्नामेंट से होने वाले मुनाफे को सभी आईसीसी सदस्यों के साथ प्रतिशत के आधार पर साझा किया जाना चाहिए। रमीज का ये कहना इसलिए भी था कि भारत और पाकिस्तान के बीच ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट खेली जाए, क्योंकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज करीब एक दशक से बंद है और दोनों देश सिर्फ आईसीसी या फिर एशिया कप जैसे इवेंट्स में ही एकदूसरे से भिड़ते हैं। जय शाह ने कहा, आईपीएल विंडो के विस्तार और चक्र में हर साल आईसीसी (वैश्विक) आयोजनों के साथ, हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी टेस्ट क्रिकेट पर जोर देने के साथ घर पर द्विपक्षीय क्रिकेट की रक्षा करना है। मैं ओलंपिक में क्रिकेट देखने के लिए भी उत्सुक हूं, क्योंकि इससे खेल को बढ़ने में मदद मिलेगी। मौजूदा समय में फोर नेशन सीरीज के लिए समय निकाल पाना मुश्किल है, क्योंकि हर देश की टी20 लीग है, जो दो-दो महीने तक चलती है और कोई भी ऐसा समय नहीं बचता है, जब इंटरनेशनल क्रिकेट न खेली जा रही हो। ऐसे में आईसीसी इवेंट्स, एशिया कप और त्रिकोणीय सीरीज के अलावा द्विपक्षीय सीरीज से समय निकाला जाए।

सेनेगल ने 65 साल में पहली बार जीता अफ्रीकन कप

पेनाल्टी शूटआउट में मिस्र को 4-2 से हराया

नई दिल्ली। सेनेगल और मिस्र के बीच अफ्रीकन कप के फाइनल में निगाह सैडियो माने और मोहम्मद सालाह पर थी। लिवरपुल के दोनों स्टार अपनी-अपनी टीमों के लिए मैदान में थे और बाजी मारी सैडियो की टीम सेनेगल ने जिसने मिस्र को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के 65 साल के इतिहास में पहली बार खिताब अपने नाम किया।

निर्धारित और अतिरिक्त समय तक गोलरहित बराबरी के बाद शूटआउट का सहारा लिया गया था। सात बार चैंपियन रहे मिस्र ने शूटआउट में दो पेनाल्टी गंवाई। 2002 और 2019 में भी सेनेगल फाइनल में पहुंची थी, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई थ। सैडियो ने महत्वपूर्ण पेनाल्टी भुनाने में मदद की जबकि पहले निर्धारित समय में उन्होंने मौका गंवाया भी था। जब सातवें मिनट में मिस्र के खिलाड़ी ने बॉक्स में गलती की थी और सैडियो माने के प्रयास को मिस्र के गोलकीपर मोहम्मद अबोयू गाबाल ने बचा लिया था। महत्वपूर्ण पेनाल्टी किक भुनाने के बाद माने ने खुशी से दौड़ लगाई लेकिन जीत के बाद वह अपने क्लब के दोस्त और प्रतिद्वंद्वी मिस्र टीम के सालाह को सांत्वना भी देते नजर आए जो हार के बाद जर्सी से मुंह ढककर रोने लगे थे। अफ्रीकन कप में खिताबी जीत के बाद सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी सैल ने एक दिन की सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दी है। मैकी ने अपने कोमरोस का दौरा भी रद्द कर दिया ताकि अपने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर सकें। सेनेगल ने पहली बार खिताब जीता है।

रणजी ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लेंगे हार्दिक पंड्या

सीमित ओवरों की टीम में वापसी पर उनका फोकस

नई दिल्ली। हरफनमौला हार्दिक पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम में वापसी पर फोकस करने के लिए 10 फरवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में भाग नहीं लेंगे।

केदार देवधर को बड़ौदा टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि विष्णु सोलंकी उपकप्तान होंगे। बड़ौदा क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें हार्दिक का नाम नहीं है। हार्दिक कमर की चोट और फिर रिहैबिलिटेशन के कारण पिछले साल टी20 विश्वकप से भारतीय टीम से बाहर हैं। टी20 विश्व प में गेंदबाजी नहीं करने के लिए उनकी काफी आलोचना हुई थी। उन्होंने दिसंबर 2018 के बाद से लाल गेंद से क्रिकेट नहीं खेला है। उम्मीद है कि वह आईपीएल के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। वह अहमदाबाद टीम के कप्तान हैं। पिछले सप्ताह इंटरव्यू में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा था कि वह उम्मीद करते हैं कि हार्दिक रणजी ट्रॉफी लेंगे।

बड़ौदा टीम

केदार देवधर, विष्णु सोलंकी, प्रत्युष कुमार, शिवालिक शर्मा, कृणाल पंड्या, अभिमन्यु सिंह राजपूत, ध्रुव पटेल, मितेश पटेल, लुकमान मेरीवाला, बाबा सफीखान पठान, अतीत शेठ, भार्गव भट, पार्थ कोहली, शाश्वत रावत, सोयेब सोपारिया, कार्तिक काकाडे, गुरजिंदर सिंह मान, ज्योत्सनिल सिंह, निनाद राठवा, अक्षय मोरे।

पृथ्वी शॉ के नेतृत्व में खेलेंगे रहाणे

मुंबई। आगामी रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में मुंबई की टीम की कप्तानी पृथ्वी शॉ करेंगे, जिसमें भारत के पूर्व उप-कप्तान अजिक्य रहाणे सदस्य के रूप में शामिल होंगे। सलिल अंकोला के नेतृत्व वाली चयन समिति के एक दो दिनों में मुंबई की टीम की घोषणा करने की उम्मीद है। 22 वर्षीय पृथ्वी को टीम का कप्तान बनाए रखने का निर्णय सामूहिक रूप से चयन पैनल ने रहाणे के परामर्श से लिया है।

संक्षिप्त

पीकेएल-8 : शीर्ष-6 में पहुंचा जयपुर

बेंगलुरु। पहले सीजन की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स ने सोमवार को वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 100वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 36-31 से हराया और शीर्ष-6 में पहुंचकर प्ले आफ खेलने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।जयपुर की टीम 8वीं जीत के साथ 12 टीमों की तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात को आठवीं हार मिली है। वह 9वें स्थान पर है। जयपुर की जीत में दिग्गज दीपक हुड्डा (11 अंक), अर्जुन देसवाल (7) के अलावा डिफेंस में संदीप ढुल (4), दीपक सिंह (3) और विशाल (3) का अहम योगदान रहा। वही एक अन्य मुकाबले में मौजूदा चैंपियन बंगाल वॉरियर्स और तेलुगू टाइटंस के बीचखेला गया मुकाबला 32-32 से टाई रहा। यह इस सीजन का 17वां टाई है।

हंगरी तैराकी विश्व चैम्पियनशिप 2022 की मेजबानी करेगा

लुसाने। फिना (तैराकी की वैश्विक संस्थान) के अधिकारियों के साथ हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने तैराकी विश्व चम्पियनशिप 2022 की मेजबानी करने की सोमवार को घोषणा की। बुडापेस्ट 18 जून से तीन जुलाई तक एक अतिरिक्त विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। कोविड-19 महामारी के कारण जापान में निर्धारित टूर्नामेंट के 2023 तक खिसकने के बाद दो विश्व चैम्पियनशिप के अंतर को कम करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। हंगरी की इस राजधानी ने 2017 में वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी की और उसे 2027 में भी इसकी मेजबानी करनी है। विश्व चैंपियनशिप आमतौर पर हर दो साल में आयोजित की जाती है।

एफआईएच 17 फरवरी को घोषित करेगा महिला विश्व कप 2022 का शेड्यूल

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) 17 फरवरी को स्पेन के टेरासा में आगामी एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2022 का शेड्यूल घोषित करेगा। एफआईएच ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। 16 टीमों वाले इस टूर्नामेंट का एक से 17 जुलाई तक स्पेन और नीदरलैंड में आयोजन होगा। मेजबान देशों स्पेन और नीदरलैंड के अलावा जर्मनी और आयरलैंड अन्य यूरोपीय टीमें हैं, जबकि अफ्रीका का प्रतिनिधित्व दक्षिण अफ्रीका करेगा। चीन, भारत, जापान और कोरिया चार एशियाई टीमें हैं जो टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

विंडीज टेस्ट सीरीज के लिए कोलिंगवुड इंग्लैंड के अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त

25 फरवरी को टीम से जुड़ेंगे

लंदन। इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर एवं पूर्व कप्तान पॉल कोलिंगवुड को वेस्ट इंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

एशेज में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली 0-4 की शर्मनाक हार के बाद ईसीबी एकाएक अपने सेट-अप में बदलाव कर रहा है। एंड्रयू स्ट्रॉस को हाल ही में टीम का अंतरिम क्रिकेट निदेशक बनाया गया था, जबकि क्रिस सिल्वरवुड को मुख्य कोच के पद से हटा दिया गया था। कोलिंगवुड, जो इस समय बारबाडोस में ब्रेक पर हैं, 25 फरवरी को टीम में शामिल होंगे। कोलिंगवुड वेस्ट इंडीज के खिलाफ कैरेबियन में हाल ही में संपन्न टी-20 सीरीज में इंग्लैंड की टीम के प्रभारी भी थे, जिसमें इंग्लैंड 2-3 से हार गया था। कोलिंगवुड ने पद मिलने के बाद कहा, मैं कैरेबियाई दौरे पर टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। मैं इसकी शुरुआत का इंतजार नहीं कर सकता। वेस्टइंडीज के खिलाफ एक चुनौतीपूर्ण टेस्ट श्रृंखला हमें एशेज सीरीज की निराशाजनक हार से उबरने, रीसेट होने और पुनर्निर्माण करने का मौका देगी। इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैच खेलना क्रिकेट में सर्वोच्च सम्मान है। मेरा उद्देश्य खिलाड़ियों को कुछ खास बनाने के लिए स्पष्टता, दिशा और प्रोत्साहन देना है। मैंने जो रूट और बेन स्टोक्स से बात की है और दोनों इस नए चक्र में टीम को आगे ले जाने के लिए उत्साहित हैं, हालांकि वे जानते हैं कि यह आसान नहीं होगा।

पिता के निधन पर भावुक हुए सुरेश रैना

नई दिल्ली। क्रिकेटर सुरेश रैना के पिता त्रिलोकचंद रैना का रविवार (6 फरवरी) को निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। वह एक सैन्य अधिकारी थे और बीते करीब एक साल से कैंसर से उनकी बड़ी जंग जारी थी। सुरेश रैना ने पिता के निधन पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। रैना ने कहा कि उन्होंने अपनी सबसे ताकत खो दी। रैना ने ट्विटर पर लिखा, पिता को खोने के दर्द को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कल, मेरे पिता का निधन हो गया, साथ ही मेरा सपॉर्ट सिस्टम भी चला गया। मेरी ताकत चली गई। वह अपनी आखिरी सांस तक फाइटर रहे। ईश्वर आपकी आत्मा शांति दे। इस दुख के मौके पर क्रिकेटर के परिवार को सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दुख जताया।

टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू

चंद मिनटों में बिक गए भारत -पाकिस्तान मैच के टिकट

दुबई। ऑस्ट्रेलिया में इस वर्ष 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आईसीसी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि टी-20 विश्वकप कॉम पर सोमवार से टूर्नामेंट के सभी 45 मैचों के लिए टिकट उपलब्ध हो गए हैं, जिसमें फाइनल भी शामिल है, जो 13 नवंबर को एमसीजी पर खेला जाएगा।

23 अक्तूबर 2022 को भारत और पाकिस्तान की टीम आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप के मैच में भिड़ेंगी। इस मैच के टिकट जैसे ही आम जनता के लिए उपलब्ध हुए, वैसे ही पूरे टिकट बिक गए। चंद मिनटों के अंदर सभी टिकट बिक चुके थे और अब बाकी फैंस को अपने घर में टीवी में ही यह मैच देखना होगा। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब भारत और पाकिस्तान के मैच के टिकट इतनी जल्दी बिके हों। इससे पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, पहले राउंड और सुपर 12 चरण के प्रत्येक मैच के लिए बच्चों के टिकट पांच डॉलर (लगभग 374 रुपए) से उपलब्ध हैं, जबकि व्यस्क लोगों के लिए टिकट 20 डॉलर (लगभग 1494 रुपए) से उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है कि ऑस्ट्रेलिया पुरुष टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसके मैच एडिलेड, ब्रिस्बेन, जिलॉन्ग, होबार्ट, मेलबोर्न, पर्थ और सिडनी शहर में खेले जाएंगे।ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद टीम के कप्तान आरोन फिंच ने इस बारे में कहा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप हमारे लिए अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खिताब को डिफेंड करने के लिए एक शानदार टूर्नामेंट होगा। विश्व कप खेलने ऑस्ट्रेलिया आने वाली दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों के पास उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें और खिलाड़ियों को देखने का यह एक शानदार अवसर है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, हमने 2015 पुरुष वनडे क्रिकेट विश्व कप और पिछले साल महिला टी-20 विश्व कप में घरेलू दर्शकों के समर्थन की शक्ति को महसूस किया है।

इंस्टाग्राम पर 40 करोड़ फॉलोअर वाले पहले व्यक्ति बने रोनाल्डो



नई दिल्ली। पुर्तगाल और मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी नए-नए कीर्तिमान रच रहे हैं।

रविवार को ही रोनाल्डो ने अपना 37वां जन्मदिन मनाया था। इसके एक दिन बाद उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर 40 करोड़ फॉलोअर्स की संख्या पार कर ली। वे ऐसा करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति हैं। रोनाल्डो के बाद इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में मॉडल और टीवी पर्सनैलिटी काइली जेनर दूसरे नंबर पर हैं। काइली के इंस्टाग्राम पर 30 करोड़ 90 लाख फॉलोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना और पेरिस सेंट जर्मेन के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी के 30 करोड़ 60 लाख फॉलोअर्स हैं। 37 साल के हो जाने के बाद भी रोनाल्डो मैदान पर रुकने का नाम नहीं ले रहे और गोल पर गोल दाग रहे हैं। अपने एक पिछले इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि शारीरिक तौर पर मुझे ऐसा लगता है कि मैं 30 साल का हूं। मैं अपने शरीर और दिमाग का बहुत ख्याल रखता हूं। 33 की उम्र के बाद भी शरीर जरूरत पड़ने पर बेहतर काम कर सकता है।

वेस्ट इंडीज के खिलाफ रोहित ने चहल को दी थी ज्यादा गुगली डालने की सलाह, लेग स्पिनर ने बताई अहम बात

अहमदाबाद। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में चार विकेट लेने वाले युजवेन्द्र चहल ने अपने प्रदर्शन का श्रेय रोहित शर्मा को देते हुए कहा कि सीमित ओवर प्रारूप के नये कप्तान ने उनसे कहा था कि वह जितनी अधिक गुगली फेकेंगे उनकी लेग स्पिन उतनी अधिक प्रभावी होगी। तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच को जीत कर भारत ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। चहल ने बीसीसीआई डॉट टीवी पर रोहित को दिये साक्षात्कार में कहा, हमने मैच से पहले बात की थी। मैच से पहले आपने जो बात कही, उसकी कमी मुझे दक्षिण अफ्रीका में महसूस हुई थी। मैंने वहां ज्यादा गुगली नहीं फेंकी, इसलिए यह मेरे दिमाग में था। उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज के बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ियों ने जब खुल कर खेलना शुरू किया तो आप ने मुझे कहा था कि मैं जितना अधिक गुगली करूंगा मेरा लेग स्पिन उतना प्रभावी होगा। मैंने नेट सत्र में आपके खिलाफ ऐसी ही गेंदबाजी की थी और लगा कि इससे फायदा होगा। चहल ने कहा कि जब वह राष्ट्रीय टीम में नहीं थे, तो उन्होंने अपने गेंदबाजी कोण बदलने पर काम किया। इस 31 साल के गेंदबाज ने कहा, मैंने अपने नजरिये में बदलाव किया, यहां की विकेट धीमी हैं। जब मैं टीम में नहीं था तो मैंने सोचा कि क्या सुधार किया जा सकता है। मैंने अन्य गेंदबाजों को देखा, जो इन विकेटों पर गेंदबाजी करने के लिए साइड-आर्म अपनाते है। मैंने देखा कि जब मैं नेट पर गेंदबाजी करता हूं, तो गेंद तेजी से निकलती और कलाई की जरूरत होती है। हरियाणा के इस गेंदबाज ने रविवार को निकोलस पूरन को आउट कर एकदिवसीय में 100 विकेट पूरे किये। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करना अच्छा है। उन्होंने कहा, यह अच्छा अहसास है (100 वनडे विकेट लेना)। मेरे पांच साल के करियर में उतार-चढ़ाव आए लेकिन यह अच्छा अहसास है कि आप किसी भी प्रारूप में 100 विकेट लेते हैं, जो बड़ी बात है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह इतनी जल्दी हो जाएगा।

अहमदाबाद टाइटन्स के नाम से जानी जाएगी अहमदाबाद फ्रेंचाइजी

हार्दिक संभालेंगे कमान, राशिद व गिल भी टीम में शामिल

अहमदाबाद। आईपीएल में पिछले सीजन तक 8 टीमें हिस्सा लेती थीं। अगले सीजन में टीमों की संख्या 10 होगी। लखनऊ और अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ी हैं। लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स रखा था। अब अहमदाबाद ने भी अपने नाम की घोषणा कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी आधिकारिक रूप से अहमदाबाद टाइटन्स के नाम से जानी जाएगी। टूर्नामेंट की सभी 10 टीमें 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाली नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदेंगी। अहमदाबाद को सीवीसी कैपिटल्स ने खरीदा था। उन्होंने नीलामी से पहले भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान और युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने हार्दिक और राशिद को 15-15 करोड़ रुपए दिए। वहीं, गिल 8 करोड़ में टीम का हिस्सा बने हैं। पिछले सीजन तक मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले हार्दिक टीम की कप्तानी करेंगे। हार्दिक को इससे पहले लीग में एक बार भी कप्तानी करने का मौका नहीं मिला था। 12 और 13 को होने वाली मेगा नीलामी में अहमदाबाद की टीम अभी कम से कम 22 और खिलाड़ी खरीद सकती है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा 7 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। अहमदाबाद के पास नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 52 करोड़ रुपए होंगे।

महिला आईपीएल जल्द शुरू होगा : जय शाह

आईपीएल की अगले साल के शुरू में शुरुआत हो सकती है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा है कि बोर्ड टूर्नामेंट को जल्द ही शुरू करने पर काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पुरुषों के आईपीएल के साथ तीन टीमों वाले महिला टी-20 चैलेंज टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाता है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि महिलाएं अधिक टीमों और खिलाड़ियों के साथ अपने स्वयं के विस्तारित टूर्नामेंट की हकदार हैं। महिला टी-20 चैलेंज टूर्नामेंट भले ही इस साल भी जारी रहेगा, लेकिन बीसीसीआई के सचिव जय शाह के मुताबिक चीजें जल्द ही बदल जाएंगी।

2016 आईपीएल फाइनल आज भी दर्द देता है : कोहली

आईपीएल करियर के 207 मौचों में आए कई उतार-चढ़ावों के बीच विराट कोहली ने कहा है कि 2016 सीजन का फाइनल उनको आज तक आहत करता है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2009 और 2011 में भी आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में वह फेवरेट थे, क्योंकि वह अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेल रहे थे। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के माध्यम से भी फाइनल में जगह बनाई थी, जिसमें एबी डिविलियर्स, केएल राहुल, क्रिस गेल और कोहली शामिल थे। फाइनल में 209 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने बिना विकेट खोए 114 रन बना लिए थे, लेकिन फिर भी वह आठ रन से मैच हार गए। कोहली ने आरसीबी के पोडकास्ट से कहा, मुझे लगा जैसे यह मैच पहले से लिखा गया है, हमने उस सीजन में बेहतरीन खेल खेला फिर भी हम हार गए। इतना ही नहीं आज तक लोकेश राहुल, अगर कोई उस मैच का हाइलाइट पैकेज चला रहा है, वह एक स्क्रीनशॉट लेता है और कहता है कि यह अभी भी दर्द करता है। हमने जीत के बाद के जश्न की तैयारी कर ली थी। हम जीत के जश्न मनाने की मुद्रा में उदास चेहरे लिए बैठे थे। मैं यह नहीं कहूंगा कि वह हमारा दिन था, यह वह मैच था, जो आज भी मुझे तकलीफ देता है।

जरगो बांध से अहरौरा बांध में पानी देने के किसानों की मांग पर सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के किसानों की सिंचाई समस्या को दूर करने के लिए किसान अरसे से मांग कर रहे हैं कि जरगो बांध से और अहरौरा बांध में लिफ्ट से पानी भेजा जाए ताकि अहरौरा बांध से संबंधित पचास से अधिक गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके किसानों की इस मांग को देखते हुए सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों ने मंगलवार को अहरौरा बाध पहुंचकर पानी देने के मार्गों का निरीक्षण किया ।

अहरौरा बांध के जे ई नरसिंह मौर्य ने बताया कि अहरौरा बांध में सिंचाई के लिए पानी कम होने के कारण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है जिससे किसान एक लंबे अरसे से सिंचाई के लिए अहरौरा बांध में जरगो बांध से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं ।बता दें कि जरगो बांध को बाणसागर परियोजना से जोड़ा गया है अगर जरगो बांध को अहरौरा बाध से जोड़ दिया जाएगा तो बाणसागर परियोजना का पानी अहरौरा बाध में भी पहुंच जाएगा । नरसिंह मौर्य ने बताया कि मांग के तहत जरगो बांध के भक्सी नदी से लिफ्ट से पानी उठाकर हिनौता गांव के पश्चिम तरफ स्थित पहाड़ी झरने पर छोड़ा जाएगा जहां से झरना सीधा बहकर अहरौरा बांध में आता है और पानी अहरौरा बाध में आ जाएगा । इस अवसर पर एसी रमेश प्रसाद , एक्सीयन विजय कृष्ण, एक्सीयन सिंचाई खंड चुनार हरिशंकर सिंह , एसडीओ चुनार के के सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

पत्रकारों से अधिकारियों का हुआ झड़प- जरगो बांध से अहरौरा जलाशय में पानी दिए जाने का मौका निरीक्षण करने आए अधिकारियों का समाचार करने गए पत्रकारों ने फोटो लेने एवं अधिकारियों से सवाल पूछने पर अधिकारियों ने पत्रकारों का सहयोग नहीं किया जिस पर पत्रकारों से अधिकारियों की झड़प हो गई । और अधिकारियों को पीछे हट कर भागना पड़ा ।

शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने लगाया गांवों में जन चौपाल

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। विधानसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस का जन चौपाल, खुटहा गांव के पंचायत भवन पर और पटिहटा गांव के पंचायत भवन पर किया गया, वहीं अहरौरा थाना प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि भय से मुक्त होकर मतदान करें, मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकल कर अपने मत का प्रयोग करें , साथ ही कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी को डराने-धमकाने की बात करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे, अगर कोई भी पार्टी किसी प्रकार का प्रलोभन देता है वोट को लेकर तो तत्काल पुलिस को सूचना दे, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, साथ ही कहा अपराधी बक्से नहीं जाएंगे। हमने अपराधियों पर लगाम लगाया है, ताबड़तोड़ अपराधियों पर कार्रवाई किया है। थाना क्षेत्र में जो भी गांव आते हैं वहा शांति पुर्ण इलाका है, और क्षेत्र में इसी तरह अमन-चैन बना रहें, इस अवसर पर ग्राम प्रधान पुत्र इंतियाज अंसारी, भगवान दास सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पटिहटा, इमिलिया चट्टी चौकी से राघवेन्द्र सिंह,अजय यादव, कैलाश सोनकर, गुलजार अंसारी पूर्व प्रधान, अफसर अंशारी, सुरेन्द्र जायसवाल,सल्लम , अरमान, मुख्तार,रामकिसुन, आशीष तिवारी, पारसनाथ सिंह, अनिल सिंह,भीम कुमार, सीता उपाध्याय, संतोष कुमार, बनवारी,हसन अहमद, सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

वैक्सिनेशन से छूटे किशोरों के लिए आज लगेगा मेगा कैम्प

मऊ। आज 15 से 17 वर्ष तक के किशोरों के शत-प्रतिशत वैक्सिनेशन के लिए चारों तहसील में मेगा कैम्प लगेगा। मुहम्मदाबाद गोहना में टाउन इंटर कॉलेज, मधुबन में शहीद इंटर कॉलेज, सदर तहसील क्षेत्र में तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज तथा घोसी में सर्वोदय इंटर कॉलेज पर मेगा कैंप लगेगा। अब तक जिन किशोर को टीका नहीं लग पाया है, उनको कैंप में लाकर टीकाकरण कराया जाएगा। इसके आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने चिकित्सा विभाग के अलावा एएसपी, सभी एसडीएम, डीआईओएस, बीएसए, एबीएसए, डीडीओ, डीपीआरओ, सभी बीडीओ को अलग-अलग जिम्मेदारी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता से करेंगे। डीआईओएस को निर्देश दिया है कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य से बात कर छूटे हुए किशोरों की सूची तैयार कर लेंगे। उन बच्चों को इन स्थलों तक ले जाकर टीकाकरण कराना सुनिश्चित कराएंगे। सीएमओ से कहा है कि पर्याप्त संख्या में टीम इन विद्यालयों पर समय से पहुंच जाए। उनके पास पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन भी हो। पूरे दिन सभी वैक्सिनेशन टीम के सम्पर्क में रहेंगे। डीडीओ व डीपीआरओ को निर्देश दिया है कि इन मेगा कैम्प स्थलों पर साफ-सफाई हो जाए। सभी पंचायत सचिव पहले से ही डोर-टू-डोर सर्वे कर रजिस्टर में यह अंकित कर लें कि 15 से 17 वर्ष के कितने बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं। उन बच्चों को मेगा कैम्प में लाकर टीकाकरण कराने को कहा है। इस कार्य में पंचायत सचिवों का सहयोग सभी प्रधानाध्यापक-अध्यापक करें, यह सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी बीएसए व सभी एबीएसए को दी है।

24 घंटे के अंदर प्रत्याशी नहीं बदला गया सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता देगें सामूहिक इस्तीफा

मधुबन, मऊ। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जमीनी कार्यकर्ता को विधानसभा क्षेत्र-353 मधुबन से पार्टी का टिकट न देकर बाहरी को टिकट देने से कार्यकताओं में व्यापक रोष व्याप्त है। यहां तक की भाजपा के सक्रिय कार्यकताओं के साथ जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी खासे नाराज हैं। पदाधिकारियों ने चेताया कि 24 घंटे के अंदर भाजपा से प्रत्याशी वह बिहार प्रांत के राज्यपाल के सुपुत्र रामविलास चैहान का टिकट नहीं बदला गया तो भाजपा कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होंगे। पार्टी कार्यकर्ता उस समय भौचक रह गए कि मधुबन विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक दशक से पार्टी को मजबूती प्रदान करने में लगे जमीनी नेता भरत भैया के बदले बाहरी को पार्टी नेतृत्व द्वारा टिकट दिए जाने से कार्यकताओं में मायूसी छा गई। भरत भैया को भाजपा द्वारा प्रत्याशी न बनाए जाने से क्षेत्रीय कार्यकताओं के साथ साथ जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों में काफी मलाल है यहां तक की कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराना है कि 24 घंटे के अंदर रामविलास चैहान का टिकट नहीं बदला गया तो वे अपने पद व पार्टी से नाता तोड़ लेंगे। कार्यकताओं का कहना है कि मधुबन विधानसभा क्षेत्र



में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने से पूर्व कभी रामविलास चैहान यहां आए भी नहीं और न ही कोई कार्यकर्ता इन्हें जानता व पहचानता, फिर भी पार्टी नेतृत्व ने उन्हें टिकट देकर नाइंसाफी किया है। मधुबन मंडल के अध्यक्ष आलोक मल का कहना है कि पार्टी की सेवा में 10 वर्ष से ऊपर के समय से जुड़े भरत भैया को पार्टी द्वारा टिकट न देकर नाइंसाफी किया है। नए प्रत्याशी उतारने से कार्यकताओं में पूरी तरह मायूसी छा गई है। पार्टी नेतृत्व टिकट बंटवारे पर पुनर्विचार करे। पार्टी के जिला महामंत्री राधेश्याम सिंह का कहना है कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में बूथ स्तर व मंडल स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता लोगों से मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करते हैं, वही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा कार्यकताओं की उपेक्षा कर बाहरी को टिकट दे दिया है। इससे कार्यकर्ता क्षुब्ध व निराश हैं। इस निर्णय को लेकर पार्टी के जिला मंत्री बब्लू ठठेरा, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मनोज गुप्ता, कौशल चैहान, मुन्ना सिंह, सुनीता भारती, धनंजय मल्ल, राजू पांडेय आदि ने शीर्ष नेतृत्व से भरत भैया को टिकट देने पर पुनः विचार कर मायूस कार्यकताओं को उर्जा प्रदान करने की मांग किया है।

परिक्षेत्र से चुनाव में भेजी गई 147 बसें, प्राइवेट वाहनों का सहारा

आजमगढ़। विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में रीजन के सात डिपो से 147 बसों से सुरक्षा कर्मियों को भेजा गया है। इससे कई रूटों पर बसों की कमी हो गई है। यात्रा करने वालों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग प्राइवेट वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ट्रेवेल्स एजेंसी संचालकों की चांदी कट रही है। वह यात्रियों से मनमानी किराया वसूल कर रहे हैं।

आजमगढ़ परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डिपो आजमगढ़ से 30, डा. आंबेडकर डिपो 28, बलिया 23, बिल्थरारोड 14, दोहरीघाट 16, मऊ 22 व शाहगंज से 14 बसों से चुनाव में सुरक्षा कर्मियों को भेजा गया है। अजामगढ़ रीजन में 410 बसों का संचालन कई जनपदों के लिए होता है। प्रतिदिन लोग इससे यात्रा करते हैं। मंडलीय कार्यालय होने के कारण बलिया व मऊ जनपद से ज्यादा लोग अपने कामकाज के लिए आते हैं। वहीं कर्मचारी भी अधिकांश बलिया व मऊ से ड्यूटी करने के लिए आते-जाते हैं। ऐसे में बसों की कमी की मार झेलनी पड़ रही है। फिलहाल रीजन में 263 बसें ही बच गई हैं। इसमें भी कई तकनीकी कारणों से खराब चल रही हैं। इसका लाभ प्राइवेट वाहन चालक उठा रहे हैं। इसमें सबसे अधिक दिक्कत लंबी दूरी की यात्रा करने वालों को हो रही है। रोडवेज बस नहीं मिलने के कारण वह रिजर्व गाड़ी करके जा रहे हैं या फिर रोडवेज पर लंबे समय तक इंतजार कर रहे हैं।

ताप्ती-गंगा के बाद आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस ने भरी रफ्तार

आजमगढ़। मऊ-शाहगंज रेलखंड पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनें रफ्तार पकड़ने लगी हैं। रेलवे ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को देखते हुए एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन के लिए तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। ताप्ती गंगा के बाद मंगलवार को आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस को इलेक्ट्रिक इंजन से परिचालन हुआ। आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो स्थानीय अधिकारी उसके इंतजार में खड़े थे। एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसके अलावा बुधवार को डाउन आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस को इलेक्ट्रिक इंजन से चलने की तिथि निर्धारित की गई है। बलिया-शहगंज अप व डाउन पैसेंजर ट्रेन के साथ ही 05171 पैसेंजर को 10 फरवरी व 05172 पैसेंजर ट्रेन को 11 फरवरी से चलाया जाएगा।

खराब सड़क बनीं दुघर्टनाओं का कारण

चिरैयाकोट, मऊ। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के खरिहानी मार्ग त्रिमुहानी से लेकर बडहल नहर पुलिया तक लगभग तीन चार बर्षो से खराब सड़क बनीं लोगों के लिए मुसीबत है। जिसका पिछले वर्ष से पहले लेपन करके मरम्मत का कार्य किया गया था। उसके बावजूद भी वह सड़क एक माह के बाद पुनः खराब होकर जगह-जगह काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। पिछले एक बर्ष से इस सड़क का चैड़ीकरण करने के लिए लोक निर्माण विभाग टेंडर की प्रक्रिया पूरा कर दिया गया है जिसके बावजूद भी सड़क का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसे में इस सड़क पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों से लेकर बसों तथा ट्रकों का हमेशा आना जाना लगा रहता है। इस सड़क की बद से बद्तर स्थिति बनीं हुई है

जिसकी सुधी लेना वाला अब कोई नहीं है। ऐसे में प्रायः ही कोई न कोई महिला व पुरुष तथा बच्चे गिरकर दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते है। वहीं इस सड़क के किनारे नाले की व्यवस्था नहीं होने से कई घरों का गन्दा पानी भी सड़क पर हमेशा बहता रहता है जिसके कारण लोगों का जीवन जीना और भी दुश्वार हो जाता है। ऐसे में नगर के संजय गुप्ता, प्रदीप पाण्डेय, संतोष गुप्ता, रमेश यादव, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, केदारनाथ गुप्ता आदि लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन का ध्यान उत्कृष्ट कराने के लिए इस सड़क का निर्माण कार्य किया जाय ताकि लोगों का आवागमन का मार्ग सुलभ हो जाता। जिला प्रशासन इस सड़क निर्माण कार्य को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाय ताकि लोगों का इस सडक मार्ग की समस्याओं समाधान हो सके। जिससे जन समस्याओं को राहत हो जाय।

पुलिस ने रोका कांग्रेस प्रत्याशी का वाहन, हंगामा

आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के समेंदा में मंगलवार को पुलिस द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी का वाहन रोकने के बाद हंगामा खड़ा हो गया। साथ चल रहे कार्यकताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, तो वहीं प्रत्याशी भी अपनी गाड़ी से उतरकर सड़क पर धरना देने लगे। आजमगढ़ सदर से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उस समय क्षेत्र भ्रमण कर कार्यकताओं के साथ जिला मुख्यालय लौट रहे थे।अभी उनका वाहन समेंदा बाजार पहुंचा था कि पुलिस वालों ने चेकिग के लिए रोक लिया। इस पर कार्यकर्ता भड़क गए। उनका कहना था कि सत्ता पक्ष के लोग झंडा-बैनर लगाकर चल रहे हैं, लेकिन उन्हें रोकने की हिम्मत पुलिस नहीं जुटा पा रही है। आधा घंटा तक धरना और नारेबाजी के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई।

भाजपा प्रत्याशी श्री राम सोनकर का एक दर्जन गांव में पुतला फूंक कर जताया विरोध

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। मुहम्मदाबाद गोहाना विधानसभा से भाजपा ने निवर्तमान विधायक को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकताओं में आक्रोश फूट पड़ा। कार्यकताओं ने सोमवार के दिन जहां करहां व फतेहपुर में तो वही लग्गूपुर, मडूसरा चकिया, पिटोखर, रसूलपुर, अल्लीपुर, मिजार्पुर, पलीगढ़ व भदीड़ समेत करीब एक दर्जन गांव में विधायक का पुतला फूंक कर भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस

दौरान कार्यकताओं ने प्रत्याशी के विरुद्ध मुदार्बाद के नारे भी लगाए एवं उन्हें विधानसभा से वापस जाने के लिए भी कहा। विधायक के विरोध का मामला यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि देवलास बाजार में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों की एक बैठक की गई। जिसमें पार्टी द्वारा सोनकर को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर भारी विरोध जताया गया उपस्थित कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने बताया कि पार्टी ने इन को प्रत्याशी बनाकर भारी गलती किया है जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव के दिन पार्टी को भुगतना पड़ेगा।

चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद दो शातिर चोर गिरफ्तार

मऊ। मंगलवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने से इमरान अहमद पुत्र इरफान अहमद निवासी मुंशीपुरा थाना कोतवाली के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल सूपर स्प्लेण्डर यूपी 54 आर 6454 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त मोटरसाइकिल चोरी की सूचना थाना स्थानीय पर वादी विश्वजीत उपाध्याय निवासी मुंशीपुरा थाना कोतवाली द्वारा दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 69/22 धारा 379 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था, इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। थाना कोपागंज पुलिस द्वारा हाइवे पुलिया खुखुन्दवा के पास से उमाकान्त राय पुत्र त्रिभुवन राय निवासी सहरोज थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल ग्लैमर यूपी 54 एस 0846 बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

10 से शुरू होगा नामांकन, 21 को नाम वापसी

मऊ। विधान सभा सामन्य निर्वाचन 2022 नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु मा0 भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद मऊ में अवस्थित 04 विधानसभा का सामान्य निर्वाचन निम्नानुसार सम्पन्न कराया जाना है- निर्वाचन की सूचना जारी किया जाना 10 फरवरी 2022, नाम निर्देशन प्राप्ति हेतु अन्तिम 17 फरवरी 2022, नाम निर्देशन पत्रों की जांच का 18 फरवरी 2022, नाम वापसी हेतु अन्तिम 21 फरवरी 2022, मतदान का 07 मार्च 2022, मतगणना का 10 मार्च 2022 वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा 12 मार्च 2022 तक। अधिसूचना जारी होने के दिनांक से ही नाम निर्देशन पत्र निम्नलिखित न्यायालय में 17 फरवरी 2022 तक प्रत्याशी अथवा निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्राप्त एवं प्रस्तुत किये जा सकेंगे, साथ ही नाम निर्देशन की आनलाइन प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो जायेगी। कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कक्षों का आवंटन निम्नवत है- विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 353- मधुबन न्यायालय कक्ष मुख्य राजस्व अधिकारी मऊ। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 354- घोसी न्यायालय कक्ष अपर उप जिलाधिकारी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 355- मुहम्मदाबाद गोहना अनु0जाति, न्यायालय कक्ष उप संचालक चकबन्दी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 356- मऊ न्यायालय कक्ष अपर जिलाधिकारी मऊ है।

अनियंत्रित आटो पलटने से व्यक्ति घायल

बलरामपुर (आजमगढ़)। बड़हलगंज थाना क्षेत्र स्थित बाजार में सोमवार की रात आटो पलटने से उसमें सवार मऊ के मधुबन थाना क्षेत्र के मर्यादपुर गांव निवासी हरीश चंद पाल (55) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उनको बड़हलगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने उनकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वे अपनी बहन सोनमती पत्नी जितेंद्र से मिलने के लिए गए थे। रात में आटो से घर लौटने के दौरान हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

युवती ने नदी में लगाई छलांग, मची अफरा-तफरी

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। स्थानीय कस्बा के अतरारी चुंगी के निकट घोसी मार्ग पर स्थित तमसा नदी पुल पर दिन में लगभग 1 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवती ने पुल से नदी में छलांग लगा दिया। युवती को नदी में कूदता देख आसपास मौजूद लोगों ने दौड़ लगाया और उसे नदी से बाहर निकाला। संयोग था कि युवती नदी के किनारे गिरी थी जिसे निकाल लिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक 22 वर्षीय युवती कहीं से आई और नदी के आसपास देखते हुए टौंस नदी में छलांग लगा दिया। युवती को नदी में कूदता देख वहां मौजूद युवकों ने दौड़कर उसे बाहर निकाला। उस समय युवती बेहोश थी। सूचना पर कोतवाली पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए आजमगढ़ स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया है। युवती के नदी में कूदने कारणों की अभी सटीक जानकारी नही मिल सकी है। इस बारे में पूछे जाने पर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि एक युवती के नदी में कूदने की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों ने जाकर वहां से निकाला और उसे अस्पताल भिजवाया गया है। बताया कि युवती बचपन से ही मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के खुशामदपुर गांव में रहती है और जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के भुवना गांव में घर है। वह अपने बीमार पिता को देख कर परिजनों के साथ ननिहाल वापस आरही थी कि नदी में कूद गई। बताया कि युवती के नदी में कूदने के कारणों का पता नही चल सका है। अभी तक परिजनों द्वारा भी कोई जानकारी नही दी गई है। युवती के नदी में कूदने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को

मऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वाधान में 12 मार्च 2022 को दिन शनिवार को सुबह 9:30 से 4:30 बजे तक दीवानी न्यायालय, मऊ के प्रागंण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश, मऊ रामेश्वर के मार्गदर्शन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ आवश्यकता अनुरुप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, पारिवारिक, वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत शमनीय वाद, श्रम वाद, राजस्व वाद, आयुध अधिनियम के उपयुक्त प्रकरण, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रकरण, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, भूमि अध्याप्ति वाद, बैंक वसूली संबंधी वाद, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत चालान, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, आरटीओ चालान, अन्य वादों, विभिन्न प्रकृति के न्यायालय में लम्बित वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते एवं जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा।

लाखों लीटर पानी हो रहा रोजाना बर्बाद, जिम्मेदार बेखबर!

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। मिजार्मुराद स्थानीय थाना क्षेत्र में गौर ग्राम में राने चट्टी के समीप और श्यामा माता मंदिर के रास्ते पर पेय जल की पाइप लाइन विगत कई महीनो से फटी पड़ी है कई बार ग्रामीणो नें निजी खर्चे से पाइप बना ठीक भी कराये लेकिन ठीक तरीके न बनने व प्रेशर के कारण बार बार पाइप लीक हो जाता है जिससे लाखो लीटर पानी खेतो व अन्य जगहों पर अनायास ही बह रहा है जल निगम विभाग हर साल पानी की बबार्दी को रोकने के लिए मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, लेकिन लीकेज के चलते वॉटर लॉस को कम नहीं कर पा रहे है। पानी रोज नालियों, खेतो खाली सड़कों ,प्लाटों में बह रहा है।जिससे स्थानीय लोगो के घर पानी की किल्लत हो रही है। सर्दी मे भी लोग बाल्टी, बर्तन लेकर पानी के लिए इधर उधर भटक रहे है।

वही श्यामा माता मंदिर के समीप पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण रोड पर पानी भर गया है जिससे आवागमन भी बाधित है। सीजीडब्ल्यूए के निर्देश के अनुसार।पीने योग्य पानी का दुरुपयोग भारत में 1 लाख रुपये तक के जुमार्ना और 5 साल तक की जेल की सजा के साथ दंडनीय अपराध होगा। सीजीडब्ल्यूए ने पानी की बबार्दी और बेवजह इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए 08 अक्तूबर, 2020 को पर्यावरण (संरक्षण) कानून, 1986 की धारा पांच की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प्राधिकरणों और देश के सभी लोगों को संबोधित करते हुए दो बिंदु वाले अपने आदेश में कहा है इस आदेश के जारी होने की तारीख से संबंधित नागरिक निकाय जो कि राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में पानी आपूर्ति नेटवर्क को संभालती हैं और जिन्हें जल बोर्ड, जल निगम, वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट, नगर निगम, नगर पालिका, विकास प्राधिकरण, पंचायत या किसी भी अन्य नाम से पुकारा जाता है, वो यह सुनिश्चित करेंगी कि भूजल से हासिल होने वाले पोटेबल वाटर यानी पीने योग्य पानी की बबार्दी और उसका बेजा इस्तेमाल नहीं होगा। इस आदेश का पालन करने के लिए सभी एक तंत्र विकसित करेंगी और आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक उपाय किए जाएंगे। वही स्थानीय लोगों का कहना है की इसकी शिकायत हेतु जे ई को कई बार फोन लगाया लेकिन फोन रिसीव हुआ।रमेश विश्वकर्मा, शिव कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र चौबे, बिपिन, राहुल, मोनू चौबे आदि नें पाइप लाइन ठीक करने की मांग की है।

महिला शिक्षक संघ ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस बांटी मिठाईयां

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। महिला शिक्षक संघ का प्रथम स्थापना दिवस ब्लॉक अध्यक्ष गीता सिंह के नेतृत्व में जमालपुर विकासखंड के कमपोजिट विद्यालय फतेपुर में मनाया गया इस अवसर पर मिठाई बांटने के साथ ही महिला शिक्षक संघ को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों ने शपथ लिया । महिला शिक्षक संघ की ब्लाक अध्यक्ष गीता सिंह ने कहा कि महिला शिक्षक संघ की स्थापना 8 फरवरी 2021 को प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या द्वारा किया गया था` आज उस ऐतहासिक दिन के एक वर्ष पुरे हो गये है यह हम महिला शिक्षिकाओं के लिए गर्व की बात है ।

महिला शिक्षक संघ की प्रथम वर्षगांठ कम्पोजिट विद्यालय फत्तेपुर के प्रांगण में मनाते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि हम शिक्षिकाओं के लिए महिला शिक्षक संघ के माध्यम से एक मंच मिला है जिसके माध्यम से हम अपनी समस्याओं को साझा कर सकते हैं और उसका समाधान ढूंढ सकते हैं । उन्होंने कहा कि हमें आवश्यकता है कि हम एकजुट होकर अपने विचारो को साझा करे और एक दूसरे की मदद करे । संगठन को एक नया आयाम देने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प उपस्थित महिला शिक्षकों ने लिया । इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ने दो लाइन की कविता भी महिला शिक्षक साथियों को समर्पित किया । कोमल है कमजोर नहीं तू शक्ति का नाम ही नारी है , जग को जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है । इस अवसर पर उपासना पण्डेय उपाध्यक्ष, विंध्यवासिनी पाठक उपाध्यक्ष कंचन सिंह कोषाध्यक्ष ,आदि शिक्षिकाए उपस्थित रही।

स्वर कोकिला एवं भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर जी के आकस्मिक निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र के श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल चोलापुर के प्रांगण में स्वर कोकिला एवं भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर जी के आकस्मिक निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह, सहायक निदेशिका दिव्या सिंह,विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों ने लता मंगेशकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया। विद्यालय के म्यूजिक टीम की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री शिल्पा गांगुली एवं रितु सिंह ने लता जी के गाने को सुनाकर विद्यालय परिवार को भावविभोर कर दिया। भगवान इनको अपने श्री चरणों में स्थान दे। इस अवसर पर श्वेतांक तिवारी जी ,अभिनव त्रिपाठी जी, राहुल पांडेय ,प्रदीप कुमार सिंह, अजय कुमार गोस्वामी, मनीष कुमार सिंह, नीरज कुमार मिश्रा, कमलेश कुमार सिंह, कार्तिकेय जी , अमरीश कुमार पांडेय सुनील कुमार श्रीवास्तव, रामकुमार यादव, सीमा सिंह , अर्पणा श्रीवास्तव, संध्या सिंह, संगीता विश्वकर्मा, रोज सिंह ,रोली सिंह आलोक कुमार सिंह , राधेश्याम यादव ,राकेश कुमार सिंह,रानू प्रताप श्रीवास्तव ,जुम्मन अली अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सस्ती लोकप्रियता के लिए बीजेपी नहीं करती घटिया राजनीति - रीता निलेश सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सियासी सरगर्मी तेज होने के साथ ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है, विगत दिनों एआईएम आईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की कार पर फायरिंग की गई थी जिसका ठीकरा ओवैसी ने बीजेपी पर फोड़ा, जवाब में ओवैसी के बयान को भाजपा ने सस्ती लोकप्रियता करार दिया` भाजपा प्रवक्ता और मुंगराबादशाहपुर से दावेदारी कर रही रीता निलेश सिंह ने बताया कि ये सब नाटक है और ओवैसी चुनावों में सस्ती लोकप्रियता पाना चाहते है इसलिए खुद पर हमला करवा के सहानुभूति बटोरने में लगे है जनता जागरूक है यहाँ ओवैसी कुछ भी कर ले लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ओवैसी को नकार दे रही है जिसके कारण ओवैसी हताश हो गए है और इस तरह के काम कर के जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है` आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सबका सफाया करने वाली है और पुनः बाबा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही । विगत 5 सालो में डबल इंजन की सरकार इतनी तेजी से विकास के ट्रैक पे दौड़ी है कि विपक्षी दल परेशान हो गए है और जब कोई मुद्दा नही बचा तो बेवजह फालतू अफवाह उड़ा रहे है, जनता समझदार है माकूल जवाब देगी`

सड़क मरम्मत की मांग को लेकर भाजपा सभासद ने गड्ढे में बैठ कर किया प्रदर्शन-सूचना मिलने पर पालिका के कर्मचारियों ने गड्ढे का किया मरम्मत

प्रखर रामनगर वाराणसी। शास्त्री प्रतिमा से शास्त्री अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग पर गड्ढा होने के कारण आने जाने वाले राहगीरों के परेशानियों को देखते हुए नाराज भाजपा सभासद संतोष शर्मा ने स्थानीय नागरिकों के साथ गड्ढे में बैठकर किया प्रदर्शन।भाजपा सभासद का कहना था कि शास्त्री जी के प्रतिमा से शास्त्री अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग के बीचो-बीच गड्ढा होने से आने जाने वाले राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के पैतृक आवास तक आने जाने वाले पर्यटक भी गुजरते हैं। गड्ढा होने से आने जाने वाले लोग गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे थे। इसको लेकर कई बार पालिका केअधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन कोई सुधि लेने वाला नहीं था। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पालिका अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कर्मचारियों को मौके पर भेज कर गड्ढे का मरम्मत करवाया तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ।प्रदर्शन में शामिल मुख्य रूप से भाजपा सभासद संतोष शर्मा कैलाश नाथ प्रजापति शीतल प्रसाद जदू जावेद आदि लोग शामिल थे।

हाईकोर्ट के आदेश पर भी दुकान पर नहीं मिला कब्जा

मछलीशहर (जौनपुर)। सरायबीका बाजार में अनुसूचित जाति के लाभार्थी को रोजी-रोटी के लिए आवंटित दुकान पर मनबढ़ ने कब्जा कर रखा है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी कब्जा न मिलने के कारण लाभार्थी दर-दर भटक रहा है। उक्त बाजार में सामूहिक दुकान योजना के तहत बनी दुकानों में से एक नंबर-11 का आवंटन अवध नारायण को किया गया था। समस्त बकाया राशि जमा कर अवध नारायण ने अदेयता प्रमाण पत्र ले लिया है। दुकान में वह साइकिल मरम्मत का काम करता था। आरोप है कि उक्त दुकान पर रामपुर सवाई गांव निवासी एक मनबढ़ ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने मछलीशहर के उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष पंवारा को प्रार्थना पत्र दिया। सुनवाई न होने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

प्रभारी निरीक्षक ने सेनापुर शहीद स्तम्भ पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

सेनापुर की धरती अपने आप में ऐतिहासिक इतिहास को समेटे हुआ है : प्रभारी निरीक्षक

प्रखर केराकत जौनपुर । स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर दो दिनों का राष्ट्रीय शोक पूरे देश मे रहा इस दौरान देश भर में लगे राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुकाया गया।इसी क्रम में स्थानीय क्षेत्र के सेनापुर गॉव में 23 क्रांतिकारियों की याद में बना शहीद स्मारक के प्रांगण के शहीद स्तम्भ पर फहर रहे राष्ट्रीय ध्वज को रविवार की देर शाम को आधा झुका दिया गया। दो दिनों के राष्ट्रीय शोक के बाद मंगलवार की दोपहर प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत शहीद स्मारक सेनापुर पहुँच झुके हुए आधा ध्वज को फहरा कर सलामी देते हुए शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सेनापुर में शहीद हुए शहीदो के विषय ग्रामीणों से ली जानकारी।इस बाबत मीडिया से बात करते हुए प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि हमे गर्व है कि हम इस देश के वासी है भारत की धरती पर ऐसे ऐसे अनगिनत वीर योद्धाओं ने जन्म लिया जिसने बारे में जानकर व सुनकर सीना गर्व से चौड़ा हो जाता हैं।शहीदो की सहादत को देश हमेशा याद रखेगा हमारा सौभाग्य है कि ऐसे शूरवीरों की धरती पर मुझे आने का मौका मिला जहाँ मिट्टी अनगिनत इतिहास को समेटे हुआ है उसका जीता जागता गवाह सेनापुर की धरती हैं।जिस धरती पर विश्व बैंक के अध्यक्ष वाड्रा माईकल मारा व उपाध्यक्ष डेविड हापर के कदम आने से रुक नही पाए धन्य है सेनापुर की धरती जो अपने आप मे ऐतिहासिक इतिहास को समेटे हुआ है। शहीद स्मारक सेनापुर की धरती को मैं नमन करता हूँ।इस अवसर पर हेड कांस्टेबल अनील कुमार सिंह ,जयचन्द, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनील चौहान,माली शिवकुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर जी को मोमबत्तियां जलाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रखर रामनगर वाराणसी। बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल तथा आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय, डोमरी,पड़ाव, वाराणसी के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर जी को मोमबत्तियां जलाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रार्थना की कि ईश्वर इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उप प्रबंधक मुकुल पांडेय ने सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं से कहा कि लता जी के निधन से जो रिक्तता आई है उसकी भरपाई असंभव है। शोक सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि में उप प्रबंधक मुकुल पांडेय, प्रधानाचार्य मोहन लाल यादव, सपना सिंह, सोनिया त्रिपाठी, नीलम गुप्ता, श्वेता पांडेय, ज्योति झा, अनीता पांडेय, पीयूष दुबे, संतोष कुमार तिवारी, चंद्रदीप सिंह, पवन चौबे, दीपक कुमार मिश्रा, हरेंद्र पांडेय, मुद्रिका मिश्रा एवं समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

वाराणसी में समाजवादी पार्टी से शहर दक्षिणी से प्रत्याशी किशन दीक्षित को उतारा मैदान में दर्शन पूजन कर फूंका चुनावी बिगुल

प्रखर पूर्वान्चलवाराणसी। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हरिश्चन्द्र पीजी कालेज व समाजवादी पार्टी से वाराणसी में शहर दक्षिणी प्रत्याशी के रूप में किशन दीक्षित उतरे मैदान में टिकट मिलते हीं अपने विधानसभा के सारे मन्दिरो में किया दर्शन पूजन व बाबा काशी विश्वनाथ जी और माँ शीतला का लिया आशीर्वाद` दक्षिणी में इनका युवाओं में काफी लोकप्रियता है जिससे पूरे उत्तर प्रदेश का चुनाव इस समय बनारस के दक्षिणी विधानसभा में भाजपा बनाम सपा की लड़ाई तेज हो गयी है।

अजगरा विधानसभा में श्री त्रिभुवन राम को टिकट मिलते ही सक्रिय हुए कार्यकर्ता

प्रखर दानगंज वाराणसी। शक्ति केंद्र भदवा के कर्मा बूथ पर सभी बूथ के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रवासी प्रचारक और मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह भदवां शक्ति केंद्र संयोजक अरविंद चौबे द्वारा बूथ अध्यक्षों को जीत का मंत्र दिया गया अजगरा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्री त्रिभुवन राम को टिकट मिलने पर सभी बूथ अध्यक्ष और कार्यकताओं में खुशी देखने को मिली और सभी कार्यकताओं ने यह कहा कि हमारे बीच में रहकर हमारी सरकार इतना काम की है कि हमें किसी भी व्यक्ति को सरकार की उपलब्धि गिनाने में कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि हमारी सरकार ने पाच साल में काम किया है झूठे वादे नहीं चोलापुर मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, चोलापुर मीडिया प्रभारी राहुल चौबे भदवा सेक्टर प्रमुख अरविंद चौबे, सुनील चौबे,उर्फ बबलू गायक ,रमेश गिरी ,त्रिलोकी सिंह राहुल सिंह ,उमेश दीक्षित कर्मा के ग्राम प्रधान वीरेंद्र गौड़ भारी संख्या में कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।

लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) ने सौरभ गोस्वामी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची में किया शामिल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची की गयी घोषित जिसमें समाजसेवा में उभरकर अपनी अलग पहचान बनाने वाले युवा राजनीति में नयी अलख जगाने वाले सौरभ गोस्वामी छात्र प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सह पुर्वांचल प्रभारी को लोक जनशक्ति पार्टी (रा.)ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है जिससे उत्तर प्रदेश लोक जनशक्ति पार्टी छात्र प्रकोष्ठ में उत्साह एवं खुशी का माहौल है।

संक्षिप्त खबरें

होंडा एजेंसी व बेल्डिंग कारखाना से लाखों की चोरी

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के पतरही कोपा बाजार स्थित शिव ऑटो मोबाइल होंडा एजेंसी व सौम्या स्टील बेल्डिंग कारखाना में पीछे से घुसे चोरों ने रविवार रात बेल्डिंग मशीन, कटिंग मशीन होंडा बाइक के पार्ट सहित लगभग पांच लाख रुपए से ज्यादा सामान चुरा ले गए। सुबह दुकान खुलने पर जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। क्षेत्र के पतरही कोपा बाजार में चांदपुर गांव निवासी प्रवीण सिंह मोनू की शिव ऑटो मोबाइल होंडा एजेंसी व सौम्या स्टील कारखाना बेल्डिंग की दुकान है। रविवार रात चोर पीछे से घुसकर दुकान के अंदर रखें दो बेल्डिंग मशीन, बेल्डिंग राड, कटिंग मशीन, बैटरी, स्पाइंडर मशीन, लैपटॉप, वाईफाई टैब व होंडा एजेंसी के अंदर से काफी मात्रा में स्पेयर पार्ट चुरा ले गए। जिसकी कीमत लगभग पांच लाख से ऊपर बताई जा रही है। सुबह जब स्टॉप दुकान खोलने के लिए आया तो घटना की जानकारी हुई। सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस निरीक्षण करने के बाद सीसी फुटेज के माध्यम से पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल कर रही है। भुक्तभोगी ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दे दी है। चंदवक थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया की सूचना मिला मौके पर पहुंचकर सीसी फुटेज कैमरा से जांच किया जा रहा है।

चार रंग ही बच्चो के सर्वांगीण विकास का आधार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। चार रंग बच्चो के खुश रखने के लिए जितने आवश्यक है उतने उनके जीवन को खुशहाल रखने के लिए जरूरी है। चार रंगों के खाद्य पदार्थों का प्रयोग करने से ही शिशुओं का जीवन रंगों से भर जाएगा। उक्त बातें मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय जमापुर के प्रांगण में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्रासन के दौरान उपस्थित शिशुओं के माताओ को नवजात शिशुओं के पालन पोषण के बाबत जानकारी देते हुए सुपरवाइजर शीला यादव ने कही। उन्होंने कहाकि हरा, पिला, सफेद व नीले रंग के खाद्य पदार्थों जैसे दूध, दाल, फल व सब्जियों का प्रयोग कर उनके जीवन को समृद्ध किया जा सकता है। उससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि 2 वर्षो तक बच्चो को माँ का दूध पिलाना चाहिए। इस दौरान ग्राम प्रधान विनोद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती रागिनी सिंह, रीता पटेल, सरिता पटेल, चन्दा, मनीषा, ममता व अंजू देवी समेत अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

मतदातों को जागरूक करने के लिए चला अभियान, नुक्कड़ नाटक व लगी चौपाल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। आगामी विधान सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मंगलवार को स्वीप-2022 (सिस्टमेटिक वोटर्स एडुकेशन एंड एलेक्ट्रोरल पार्टिसिपेशन) के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र पिण्डरा पर मतदाता जागरूकता हेतु अध्यापक - अध्यापिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, लोकगीत व चौपाल का आयोजन हुआ। शालिनी सिंह, ममता व शरद कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता गीत तथा अंशू नेहा द्वारा समूह गान, मनोरमा शालिनी, संगीता, गुंजन, रेखा,प्रियंका, द्वारा मतदाता जागरूकता नाटक की प्रस्तुति की। कृष्णा, प्रियंका अनुकृति, स्मृति, अंकिता के सम्यक प्रयास से श्रेष्ठ कार्टून ,व मॉडल बनाया गया। इस दौरान स्वीप का सेल्फी पॉइंट सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। बीईओ मंगरु राम ने सभी को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने व कराने में का आह्वान किया। गत चुनावों में जिन बूथों पर कम वोटिंग प्रतिशत रहा वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन अखिलेश मिश्र व डॉ कुँवर पंकज सिंह ने किया। इस दौरान ब्लॉक के नोडल प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह,शेषनाथ वर्मा अरुण चौधरी व राजेश मौर्या कैलाश नाथ यादव, कमलकांत पाण्डे,राजेश सिंह, जितेंद्र,आनंद,नितेन्द्र सहित सैकड़ों शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

काव्य गोष्ठी में समानित हुए पिंडरा के शिक्षक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के शिक्षकों द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन काव्य संगोष्ठी में पिंडरा ब्लॉक के शिक्षक द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दिए जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। परवाज की 21 वीं कड़ी में बेसिक शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक अब्दुल मुबीन की उपस्थिति में आयोजित काव्य गोष्ठी में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चुने 12 कवि शिक्षकों ने अपनी - अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर यूट्यूब एवं फेसबुक पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन रचनाकारों में वाराणसी जनपद का नेतृत्व कर रहे स0 अध्यापक कमलेश कुमार पाण्डेय कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी पिण्डरा को उनकी उत्कृष्ट एवं संदेशप्रद रचना "माँ तुम" की प्रस्तुति के लिए परवाज की तरफ से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि डॉ अंजुम रहे। अध्यक्षता श्रीमती मृदुला शुक्ला संचालन श्री मोहम्मद अदील ने किया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं